

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, रविवार 16 अप्रैल 2023 ■ वैशाख कृष्ण पक्ष -10 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-018 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 17 अप्रैल 2023 रू. 1.00



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## सीएम योगी ने डीजीपी से मांगी अतीक-अशरफ हत्याकांड की रिपोर्ट

### हत्या में जिगाना निर्मित पिस्तौल का इस्तेमाल

■ लखनऊ 16 अप्रैल।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने डीजीपी उत्तर प्रदेश आरके विश्वकर्मा को सुबह की रिपोर्ट के साथ बुलाया था। शीर्ष पुलिस अधिकारी सीएम को राज्य के सभी जिलों की स्थिति से भी अवगत कराएंगे। पूरे मामले की सूचना मिलने के बाद डीजीपी डीजीपी सीएम आवास पहुंचे।

जिगाना निर्मित पिस्तौल का इस्तेमाल अतीक और अशरफ की हत्या में किया गया था, जिन्हें भारत में अवैध और प्रतिबंधित माना जाता है। इन पिस्टल की कीमत करीब 6 से 7 लाख रुपए है। लवलेश तिवारी करीब 6 महीने पहले जेल से छूटा था। हमीरपुर के रहने वाले सन्नी के बड़े गिरोह और गैंगस्टरों से संबंध हैं। प्राथमिकी के अनुसार, जैसे



ही अतीक अहमद और अशरफ ने मीडिया से बात करनी शुरू की एक शूटर ने उनका माइक और कैमरा गिरा दिया और अपनी पिस्तौल उठा ली और दोनों पर गोली चला दी। क्रॉस फायरिंग में एक सिपाही के हाथ में गोली लगी और एक साथी के क्रॉस फायरिंग में एक हमलावर को भी गोली लगी। इसके बाद शूटरों ने अपने लोडेड हथियार गिरा दिए। इस घटना को कवर कर रहे कुछ पत्रकारों को भी मामूली चोटें आई हैं।

पूछताछ के दौरान, तीनों ने खुलासा किया कि वे अतीक और अशरफ के गिरोह को खत्म करना चाहते थे और राज्य में अपना नाम बनाना चाहते थे ताकि भविष्य में उन्हें फायदा हो सके। वे पुलिस की कड़ी निगरानी का अंदाजा नहीं लगा पाए और वारदात को अंजाम देकर फरार नहीं हो सके। वे उन्हें मारने के लिए सही मौके का इंतजार कर रहे थे और मीडियाकर्मियों के वेश में थे, लेकिन उन्हें आज तक सही समय नहीं मिला जब उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया।

लवलेश तिवारी की मां ने कहा- पता नहीं उसके नसीब में क्या लिखा था,अतीक अहमद हत्याकांड के आरोपियों में से एक की मां लवलेश तिवारी घटना की खबर पाकर भावुक हो गई और कहा कि उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस से आरोपियों ने कहा है कि हमने धर्म का काम किया है. अन्याय का अंत किया है. हमें कोई गिला शिकवा नहीं।





## थाना परिसर में खड़ी दर्जनों जब्त गाड़ियों में आग

■ काम नहीं आया फायर सिस्टम

रायपुर 16 अप्रैल। राजधानी के कोतवाली थाना परिसर में खड़ी जब्त दर्जनों दोपहिया गाड़ियों में बीती रात आग लग गई। थाने में फायर सिस्टम लगा हुआ है लेकिन आग बुझाने में इसका उपयोग नहीं किया जा सका। बताया जाता है कि आग रात ढाई से तीन बजे के बीच लगी थी। दमकल वाहन पहुंचता इससे पहले ही गाड़ियां खाक हो गई थी। आग लगने के कारण का पता नहीं चला है। कुछ वाहनों की टंकी में पेट्रोल होने के कारण विस्फोट हुआ है। बाजू में स्थित एक मकान भी आग की चपेट में आया है। गौर करने लायक बात यह है कि थाना परिसर में लाखों खर्च कर फायर सिस्टम लगाया गया है ताकि इस पांच मंजिला थाना भवन में कहीं कोई अनहोनी हो जाए तो उससे तत्काल निपटा जा सके। दुर्भाग्य है कि जब रात में आग लगी तो इस फायर सिस्टम का उपयोग ही नहीं किया जा सका। इस सिस्टम की पेकिंग आज तक नहीं खुली है। समय पर इसका उपयोग किया जाता तो आग बुझाई जा सकती थी। सवाल यह है कि पुलिसकर्मियों को इसे चलाना आता है या नहीं, क्या उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है थाना के पीछे ही बहुमंजिली पुलिस आवासीय परिसर है। वैसे भी यह घनी आबादी व बाजार वाला क्षेत्र है।

### किराना दुकान में आग

**बालोद।** डौंडी के वार्ड क्रमांक 4 धुर्वाटोला स्थित यादव किराना स्टोर में बीती रात लगभग 2 बजे आग लग गई. वार्ड वासियों की मदद से घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका. आगजनी से करीबन 5 लाख रुपए के नुकसान का अंदेशा जताया गया है. आग लगने का कारण का पता नहीं चल पाया है. डौंडी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संक्षेप

### अतीक अहमद का करीबी गुड्डू मुस्लिम गिरफ्तार

**लखनऊ 16 अप्रैल।** प्रयागराज में अतीक अहमद और भाई अशरफ अहमद की 9 राउंड फायरिंग कर हत्या कर दी गई. ये हत्याकांड तब हुआ, जब पुलिस भारी सेक्योरिटी में उन्हें मेडिकल के लिए ले जा रही थी. वहीं अब अतीक अहमद के करीबी गुड्डू मुस्लिम को भी यूपी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. यूपी पुलिस ने गुड्डू मुस्लिम को महाराष्ट्र के नासिक से गिरफ्तार किया गया है. गुड्डू मुस्लिम उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी है. उमेश पाल हत्याकांड के दौरान गुड्डू मुस्लिम ने ही बमबारी की थी. यूपी पुलिस गुड्डू मुस्लिम को कई दिनों से तलाश रही थी. इसके लिए गुड्डू मुस्लिम के लोकेशन को ट्रेस किया जा रहा था. अब एसटीएफ ने उसके लोकेशन को ट्रेस करते हुए उसे नासिक से गिरफ्तार कर लिया है. अरबाज को उमेश पाल हत्याकांड के चार दिन बाद ही मार गिराया गया था. जबकि उस्मान उर्फ विजय को 6 मार्च को ही एनकाउंटर में मार गिराया गया था. इस मामले का अंतिम आरोपी गुड्डू मुस्लिम है, जोकि जीवित है. बाकी सभी आरोपियों को यूपी पुलिस द्वारा एनकाउंटर में मारा जा चुका है.

### एक ही परिवार के 4 सदस्यों की हत्या

**बांदा 16 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। जिले में एक ही परिवार के चार सदस्यों की धारदार हथियार से हत्या करने का मामला सामने आया है। मृतकों में दंपती, पुत्र और महिला शामिल है। हत्यारोपी फरार हो गया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। फोटेंसिक और डॉग स्क्वाड टीम मौके पर पहुंच गई। जानकारी के अनुसार, गिरवां थाना इलाके के बड़ोखर बुजुर्ग में शनिवार की देर रात की बताई जा रही है। अज्ञात लोगों ने चुन्नू (70) पुत्र गंगा, कैलाशिया (68) पत्नी चुन्नू, तिजनिया (76) पत्नी झंडू और प्रियांशु (8) पुत्र बालेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर दी। रात को साथ बैठकर खाना खाने खा रहे थे तभी वारदात हो गई। मृतक हमलावरों से जान बचाने के लिए भागे भी, लेकिन हमलावरों ने जहां पाया वहीं मार दिया।

### ट्रैक्टर पलटा, युवक की मौत

**बेमेतरा 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आई है. जहां देवकर इलाके में देवकर-जालबान्धा मार्ग पर ग्राम डंगनिया से अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए ट्रैक्टर नगर पंचायत कार्यालय के पास अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया हैं. जिससे एक युवक की मौत हो गई है. देवकर पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर मृतक युवक को पोस्टमार्टम के लिए मरचुरी साजा भेजवाया गया। बेरला एसडीएम के निर्देश पर नदी से आने व जाने के मार्ग को अवरुद्ध कर जेसीबी से खुदाई कर दी गई थी, वही अवैध उत्खनन करने वाले माफियाओं द्वारा नदी के अलग अलग रास्तों से रात्रि में अवैध परिवहन निरन्तर जारी है।


### 50 तोला सोना व 2 लाख नगद की चोरी

**रायपुर 16 अप्रैल।** रायपुर के रिटायर्ड परिवहन अधिकारी अब्दुल गनी खान के गीतांजलि नगर स्थित बंगले में लाखों की चोरी हो गई है। चोरों ने आलमारी तोड़कर 50 तोला सोना के गहने व 2 लाख रूपए पर हाथ साफ कर दिया है। परिवार रोजा अफ्तार में शामिल होने अपने पैतृक ग्राम कवर्धा गया हुआ था ।

## नागरिकों के व्यक्तित्व का समग्र विकास जरूरीः राजनाथ सिंह

■ जयपुर 16 अप्रैल।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि विद्यार्थियों और नागरिकों के समग्र विकास के बिना देश और समाज का संपूर्ण विकास संभव नहीं है। प्रसिद्ध यूनानी दार्शनिक अरस्तु के एक उद्धरण का हवाला देते हुए सिंह ने कहा कि ''भले ही हम मस्तिष्क को चाहे कितनी शिक्षा दे लें लेकिन यदि हृदय को शिक्षा नहीं देते हैं, हृदय यदि परिवर्तन नहीं करते हैं तो उस शिक्षा कोई मतलब नहीं होता है।'' उन्होंने कहा कि शिक्षा पर इससे बेहतर विचार शायद ही कोई और हो सकता है। सिंह उदयपुर में जेआरएन राजस्थान विद्यापीठ के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।




उन्होंने कहा,''यानी हम केवल बच्चों को विज्ञान, गणित पढ़ा दें या उन्हें इंजीनियर, डॉक्टर बना दें या इसी प्रकार से उन्हें कितना भी बड़ा आदमी क्यों न बना दें पर जब तक हम उनके मन में राष्ट्र, समाज, संस्कृति और अपनी महान विभूतियों के संस्कार नहीं पैदा करते तब तक किसी विद्यार्थी के व्यक्तित्व का समग्र विकास कसी भी सूरत में नहीं हो सकता।'' सिंह ने कहा,'' जब तक हम विद्यार्थियों का, नागरिकों का समग्र विकास नहीं करते हैं, तब तक हम राष्ट्र और समाज के संपूर्ण विकास की कल्पना भी नहीं कर सकते। यदि हम इस राष्ट्र को ऊंचाइयों पर ले जाना चाहते हैं, अंतरराष्ट्रीय जगत में भारत का मस्तक ऊंचा करना चाहते हैं तो यह तब तक संभव नहीं है जब तक कि हर व्यक्ति के व्यक्तित्व का समग्र विकास न हो।

## सीबीआई ने सीएम जगन रेड्डी के चाचा को किया गिरफ्तार

■ नई दिल्ली 16 अप्रैल।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने पूर्व सांसद विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी के चाचा वाईएस भास्कर रेड्डी को गिरफ्तार किया है। विवेकानंद रेड्डी आंध्र प्रदेश के दिवंगत मुख्यमंत्री वाईएस राजशेखर रेड्डी के भाई और आंध्र प्रदेश के मौजूदा मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी के चाचा थे। यह गिरफ्तारी पूर्व सांसद विवेकानंद रेड्डी की हत्या के मामले में हुई है। वह पुलीवेंदुला इलाके में स्थित अपने घर में 15 मार्च 2019 को मृत पाए गए थे।

एसआईटी ने पहले इस मामले की जांच की और जुलाई 2020 में इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी। सीबीआई की चार्जशीट के अनुसार, विवेकानंद रेड्डी, काडप्पा लोकसभा सीट से अपने या जगन मोहन रेड्डी की बहन शर्मिला या जगन की मां वाईएस विजयम्मा के लिए टिकट मांग रहे थे। जांच में पता चला कि 68 वर्षीय विवेकानंद रेड्डी के घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घुसकर उनकी हत्या की थी। घटना के वक्त पूर्व सांसद अपने घर में अकेले थे। एसआईटी ने पहले



इस मामले की जांच की और जुलाई 2020 में इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी।

विवेकानंद रेड्डी की लोकसभा सीट कडापा से वाईएस अविनाश रेड्डी सांसद हैं, जो कि भास्कर रेड्डी के बेटे हैं। सीबीआई ने भास्कर रेड्डी को उनके पुलिवेंदुला इलाके में स्थित आवास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी की सूचना मिलते ही भास्कर रेड्डी के समर्थक भारी संख्या में उनके आवास पहुंच गए हैं।

सीबीआई भास्कर रेड्डी को हैदराबाद लेकर गई है, जहां उन्हें मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया। भास्कर रेड्डी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बता दें कि भास्कर रेड्डी की गिरफ्तारी सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद हुई है, जिसमें कोर्ट ने सीबीआई को 30 अप्रैल तक मामले की जांच पूरी करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद ही सीबीआई ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम गठित की गई। विवेकानंद रेड्डी की बेटी सुनीता रेड्डी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी और किसी करीबी पर हत्या का शक जताया था। बीते साल नवंबर में सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला हैदराबाद ट्रांसफर कर दिया था क्योंकि सुनीता रेड्डी ने याचिका दायर कर आशंका जताई थी कि आंध्र प्रदेश में मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हो पाएगी।

## जनता का भरोसा भाजपा से उठ चुकाः विकास उपाध्याय

**रायपुर 16 अप्रैल।** उत्तर प्रदेश में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या पर दिग्गज नेताओं की लगातार प्रतिक्रिया सामने आ रही है। बीजेपी के बयान पर कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का मर्डर हुआ है, उस पर सैकड़ों अपराध दर्ज हुए। पूरी दुनिया इस खबर को देख रही हैं। गोली चल रही थी पुलिस उस वक्त कहां थी। कल की घटना कानून को कटघरे में खड़े करने वाली घटना है।

वहीं बीजेपी के पूर्व मंत्री केदार कश्यप के डीलिस्टिंग के बयान पर कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने जवाब देते हुए कहा कि प्रदर्शन करने वाले कौन है और किस विचारधारा के साथ प्रदर्शन किया जा रहा है। सबको पता है। इन्हें दिल्ली में आंदोलन करना चाहिए। चुनावी साल है इसलिए इसे छत्तीसगढ़ में मुद्दा बनाना चाहते हैं। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है।

साथ ही विधायक ने भाजपा के बस्तर फोकस को लेकर कहा कि चुनाव का समय है भाजपा अपनी कोशिश में लगी है। छत्तीसगढ़ में भाजपा का कोई स्कोप नहीं है। इसलिए वे अपनी ताकत लगा रहे। जनता का भरोसा भाजपा से उठ चुका है।

## बोनट पर टंगा रहा ट्रैफिक पुलिस वाला

### गांजा के नशे में चूर ड्राइवर ने 12 किमी तक दौड़ाई कार

**मुंबई 16 अप्रैल।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक कार चालक ट्रैफिक पुलिस के सिपाही को करीब 20 किलोमीटर तक घसीटता रहा। हालांकि गनीमत रही कि किसी भी तरह का अप्रिय हादसा नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। युवक सिग्नल तोड़कर जा रहा था। इसके बाद सिपाही ने उसे रोकने की कोशिश की। लेकिन युवक ने गाड़ी नहीं रोकी और कांस्टेबल कार की बोनट पर जा गिरा। घटना बीते शनिवार की है। घटना के फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि सिपाही कैसे खुद को बचाये हुए है।



पुलिस ने कार चालक नेरूल निवासी आदित्य बेमड़े (23) को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कहा कि वह नशे में गाड़ी चला रहा था। ट्रैफिक कॉन्स्टेबल सिद्धेश्वर माली (37) कार के अगले हिस्से पर बुरी तरह से फंसे रहने के बाद बाल-बाल बच गए। आमतौर पर इस दूरी को तय करने में कम से कम 15-20 मिनट का समय लगता है। यह घटना पाम बीच रोड पर कई जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। सिपाही सिद्धेश्वर माली ब्लू डायमंड जंक्शन पर रेड सिग्नल तोड़कर और एक स्कूटर में टक्कर माकर जा रहे कार चालक को रोकने की कोशिश की। लेकिन चालक ने गति बढ़ा दी।

इससे पहले कि सिपाही कार के रास्ते से हट पाता, वह बोनट पर जा गिरा। फिर भी रुकने से इनकार करते हुए, कार चालक पाम बीच रोड की ओर बाईं ओर मुड़ गया। इस दौरान उसने कई बार सिपाही को बोनट से गिराने की कोशिश की। तब तक पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि एक पुलिसकर्मी को कार के बोनट पर घसीटा जा रहा है। रास्ते में पुलिस को वायरलेस संदेशों से सतर्क किया गया। इसके बाद पुलिस ने कार चालक को पकड़ लिया।


वाशी पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक शशिकांत चांडेकर ने कहा, चालक के चिकित्सकीय परीक्षण में पुष्टि हुई है कि वह नशीला पदार्थ गांजे का सेवन करके नशे में गाड़ी चला रहा था। गिरफ्तार व्यक्ति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है और उस पर नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस एक्ट की धाराओं के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

## समंदर का सबसे लंबा सफर, 3 साल में 135 देश की यात्रा

■ नई दिल्ली 16 अप्रैल।

ट्रेन, बस और हवाई सफर सबका अपना मजा होता है लेकिन समंदर के रास्ते किया जाने वाला सफर और भी लाजवाब होता है. इसका सबसे बड़ा कारण है चारों और पानी व गहरी शांति. देश-विदेश में कई लोग क्रूज के जरिए ट्रैवल करना पसंद करते हैं. खास बात है कि इन विशालकाय जहाजों पर खाने-पीने रहने और मनोरंजन की तमाम सुविधाएं मिल जाती हैं, जो बस, रेल या एरोप्लेन में मुमकिन नहीं है. अन्य यात्राओं के मुकाबले क्रूज का सफर महंगा और काफी लंबा होता है. हम आपको आज एक ऐसे सफर के बारे में बताने जा रहे हैं जो 3 साल में पूरा होगा.

एक क्रूज देश-दुनिया के तमाम यात्रियों को अनोखे सफर पर ले जाने की तैयारी कर रही है. लाइफ एट सी क्रूज ने एमवी जेमिनी पर 3 साल की यात्रा के लिए बुकिंग शुरू कर दी है. अगर आप 3 साल की इस अनोखी क्रूज यात्रा पर जाना



चाहते हैं तो आइये हम आपको बताते हैं कि आप कैसे इसका लुत्फ उठा सकते हैं.

**बुकिंग स्टार्ट, 1 नवंबर से होगी शुरू होगी यात्रा :** लाइफ एट सी क्रूज ने एमवी जेमिनी पर 3 साल की यात्रा के लिए बुकिंग स्टार्ट हो गई है. यह क्रूज 1 नवंबर 2023 को इस्तांबुल से यात्रा शुरू होगा और क्रूज बार्सिलोना व मियामी भी पिक-अप सेंटर होंगे. यह क्रूज 7 महाद्वीपों में 375 बंदरगाहों से गुजरेगा. इस यात्रा में भारत में ताजमहल, चीन की महान दीवार, और रियो डी जनेरियो में क्राइस्ट द रिडीमर स्टैच्यू सहित अन्य 14 'वंडर्स ऑफ द वर्ल्ड' में से 13 अहम जगहों का दौरा शामिल रहेगा. यह 103 ट्रॉपिकल आइलैंड की भी सैर कराएगा. कुल मिलाकर यह जहाज 130000 मील की दूरी तय करेगा.

### जहाज पर शाही सुविधाएं और हर तरह के इंतजाम

इस क्रूज में रहने के लिए खास इंतजाम किए गए हैं. इनमें लाइब्रेरी, लाउंज और कैफे, हाई-स्पीड इंटरनेट, लॉन्ड्री व अन्य एंटरटेनमेंट सुविधाएं उपलब्ध हैं. लेकिन इस शानदार सफर के लिए आपको बहुत पैसे खर्च करने होंगे. इस यात्रा पर प्रति व्यक्ति कम से कम 24 लाख और अधिकतम 90 रुपये का खर्च आएगा. किराये की रकम क्रूज में उपलब्ध केबिन पर निर्भर करेगी. इस ट्रैवल पैकेज में भोजन, स्टोरेज, ऑनबोर्ड ऐप, बिजनेस सेंटर तक पहुंच, पोर्ट फीस और टैक्स, हाउसकीपिंग और मनोरंजन शामिल हैं.

इस लग्जरी क्रूज में 400 केबिन और 1,074 यात्रियों के लिए कमरे हैं. अगर आप ऑफिस जाने के बजाए घर बैठे काम करने की योजना बना रहे हैं, तो क्रूज में अपना काम करने के लिए सभी कनेक्टिविटी और सुविधाएं दी जा रही हैं।



## आप ने किया प्रदर्शन, झूमा-झटकी

**रायपुर 16 अप्रैल।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पाटी के संयोजक अरविंद केजरीवाल से सीबीआई पूछताछ कर रही है. केजरीवाल को सीबीआई द्वारा बुलाए जाने को लेकर देशभर में विरोध किया जा रहा है. आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सड़कों पर बैठ विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं. रायपुर में आप कार्यकर्ता प्रदर्शन करने के बाद जयस्तंभ चौक पर बीच सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया. मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सड़क से हटाया. इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच जमकर झूमा-झटकी हुई. वहीं आप के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं. आप के जिला सचिव विजय कुमार झा ने कहा कि केंद्र सरकार आम आदमी पार्टी के लोगों को परेशान कर रही है. सीबीआई ने केंद्र के इशारे पर ही अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए बुलाया है. 2023 और 2024 के चुनाव में आम आदमी पार्टी पूरे दम के साथ चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाएगी।

# बाबा भीमराव अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 16 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से लेकर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती 14 अप्रैल की अवधि तक सामाजिक न्याय सप्ताह मनाया जा रहा है। भाजपा उत्तर मंडल पाटन द्वारा सामाजिक समरसता दिवस डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती एव बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा के संबंध में एक बैठक का आयोजन तिवारी पैलेश नगर पालिका परिषद अमलेश्वर में किया गया, उक्त बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री मान श्री पवन साय जी, जिला भाजपा दुर्ग के प्रभारी मान श्री राजीव अग्रवाल जी, जिला भाजपा दुर्ग के अध्यक्ष मान श्री जितेंद्र वर्मा जी, पाटन विधानसभा के प्रभारी मान श्री सच्चिदानंद उपासने जी, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव जिला पंचायत दुर्ग की सदस्य श्रीमती हर्षा चंद्राकर जी, मंडल के प्रभारी श्री नटवर ताम्रकार जी, सह प्रभारी श्री अनिल साहू जी उपस्थित रहें। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा बाबा साहब अम्बेडकर की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई अतिथियों के सम्मान के बाद स्वागत भाषण में मंडल अध्यक्ष लोकमणी चंद्राकर ने सभी का स्वागत करते हुए बाबासाहेब अम्बेडकर की जीवन के संबंध में जानकारी दिए साथ ही वर्तमान में संगठन द्वारा चलाये जा रहे बूथ सशक्तिकरण के जानकारी दी गई और दिए गए पुस्तिका को समय सीमा के भीतर जमा करने कहा गया। अन्य सांगठनिक कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता दिवस में चार समाजसेवियों का गमछा एव श्रीफल से सम्मान भी किया गया एव अतिथियों द्वारा कमल फूल का चित्रण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से उपस्थित संगठन महामंत्री पवन साय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ में जिस प्रकार से स्थानीय विधायक एव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की सरकार चल रही है जनता त्रस्त है, हर तरफ अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध खनन माफिया राज चल रहा है। भाजपा कार्यकर्ताओं को बेवजह परेशान कर फर्जी केस बनाकर फंसाया जा रहा है। जब से सरकार में आई है झूठ पे झूठ बोला जा रहा है, घोषणा पत्र में किया वादा पूरा नहीं किया जा रहा है,प्रधानमंत्री आवास वाले गरीबो को आवास के लिए तरसाया जा रहा है बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता के नाम पर छला जा रहा है ऐसे ही अनेक मुद्दे है जिसे लेकर आप सभी कार्यकर्ता जनता के बीच मे जाए इस सरकार के कुकृत्यों को बताए ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में इस सरकार को उखाड़ फेंका जा सके और इसके लिए आपको अपने बूथ को मजबूत बनाने होंगे। कार्यक्रम को जिला भाजपा अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, जिला भाजपा प्रभारी राजीव अग्रवाल, विधानसभा प्रभारी सच्चिदानंद उपासने ने भी संबोधित किया। मंडल की बैठक में प्रस्ताव कर मांग किया गया कि साजा के बिरनपुर में हुए मर्डर की घटना में मारे गए भुनेश्वर साहू के परिवार को 10 लाख के बजाय 1 करोड़ की मुआवजा दिया जाय साथ ही परिवार के एक सदस्य को डिप्टी कलेक्टर के पद पर भर्ती किया जाय। कार्यक्रम का संचालन कैलास यादव ने एव आभार प्रदर्शन श्रीमती हर्षा चंद्राकर ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बसंत चंद्राकर राजेश चंद्राकर रामाधार साहू टीका राम साहू फेरहा राम ढीवर, सुरेंद्र साहू प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख शुभम शर्मा प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहन साहू मंडल अध्यक्ष रवि सिंगोर महामंत्री राजू साहू महामंत्री आघो राम साहू,रेवती सोनकर जनपद सदस्य घनश्याम कौशिक जनपद सदस्य अरविन्द पाल लक्ष्मी देवांगन, शीतला मिश्रा, मधुकता साहू, गायत्री साहू विनोद अग्रवाल, कुमार साहू मनीष कौशले, देवपाटकर, आलोक पाल मृत्युंजय दर्शन विकास सोनी रोहित उमा शर्मा सुनीता पाटकर सरोजिनी नेताम राजेश चौहान यमन मडारिया हितेश साहू दिलीप साहू मनहरण कुमार लाल साहू मोहन साहू राधे साहू ओम प्रकाश वर्मा भरत साहू महेश कुमार वर्मा कमलेश चंद्राकर भानु सोनकर धर्मेंद्र सोनकर शिवा साहू, राहुल साहू, रितु माहलागे हरि साहू,दुर्गेश साहू विजय पूरन साहू कुमार साहू, शिवाकुमार साहू यशवंत जांगड़े कुलदीप बैसवाड़े सजीवन महिला ने दयानंद सोनकर तुलसी राम साहू राकेश सोनकर संतोष सिंगोर, राम साहू सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता जन मौजूद रहे!

## एक नजर

### मंत्री अकबर के समक्ष महिला सरपंच ने ली कांग्रेस की सदस्यता



**कवर्धा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में आस्था प्रकट करते हुए तथा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में कैबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयासों से हो रहे ऐतिहासिक विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में प्रवेश का दौर जारी है। ग्राम पंचायत बारदी की सरपंच श्रीमती जलेश्वरी साहू सहित 03 लोगों ने प्रदेश के मंत्री तथा कवर्धा के विधायक मोहम्मद अकबर के राजधानी रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में उनके समक्ष कांग्रेस की सदस्यता ली। मंत्री अकबर ने तिरंगा गमछा पहनाकर उनका पार्टी में स्वागत किया। सदस्यता लेने वालों में रामू साहू एवं रामखिलावन साहू ग्राम गोरखपुर शामिल है। इस अवसर पर विशेष रूप से बबलू गुप्ता, सुधीर दुबे, कवर्धा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होरीलाल साहू, लेखा राजपूत, राजेश गढ़ेवाल, भुवनेश्वर चन्द्रवंशी, उपस्थित थे।

### राजदीप सिंह ठाकुर ने नेट एग्जाम पास किया, नगर में हर्ष



**कवर्धा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत कबीरधाम के पूर्व अध्यक्ष रघुराज सिंह ठाकुर और चेतना ठाकुर के सुपुत्र राजदीप सिंह ठाकुर के नेट एग्जाम में पास होने पर कवर्धा वासियों ने हर्ष व्यक्त किया है । जिला बीजेपी अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राम कुमार भट्ट , , सुनील दोशी जिलाध्यक्ष - भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कबीरधाम ने हर्ष व्यक्त किया ।

### पौड़ी गांव में बार-बार होती है बिजली गुल

**कवर्धा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कवर्धा से 15 किलोमीटर दूरी पर पौड़ी गांव में सुबह से देर शाम तक अनेकों बार लाइट आती है और बिजली जाती है । बिजली विभाग और सरकार को ध्यान देना चाहिए जिससे की विद्युत व्यवस्था दूरस्थ हो । और बिजली बार बार गुल ना हो । जनप्रतिनिधियों को बिजली की समस्या पर ध्यान देना चाहिए । सेलून से लेकर चाय दुकान , फोटो कापी मशीन दुकानों पर ग्राहक परेशान होते हुए चर्चा करते हुए दिखे ।

### तहसील साहू समाज कुरूद ने दी भुनेश्वर को श्रद्धांजलि



**अंवरी,16 अप्रैल ।** तहसील साहू समाज कुरूद ने साहू समाज भवन कुरूद में बैठक रखा गया था। जिसमें 21 अप्रैल को वीर भामाशाह जयंती मनाया जाएगा जिसके विषय पर चर्चा किया गया। तत्पश्चात तहसील साहू समाज कुरूद ने बेमेतरा के बिरनपुर में विगत 8 अप्रैल को साहू समाज के भुनेश्वर साहू की हत्या को पूरे छत्तीसगढ़ के लिए शर्मनाक बात है, हत्यारे को फांसी की सजा देने की मांग की है । इससे पहले मृतक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई । इस मौके पर राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील साहू समाज, रमेशर साहू उपाध्यक्ष, लिखन साहू सचिव, सुनील साहू कोषाध्यक्ष, शेखन साहू, के आर साहू, पी एल साहू, सोमन साहू, जमुना देवी साहू, महेंद्र साहू, कमलेश साहू, सेवक राम साहू, कामलनारयण साहू, गोधन साहू, दानेश साहू, भारत साहू, कृष्णकांत साहू, भवरलाल साहू, चुरामन साहू, छत्रपाल साहू, बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# प्रवीण कुमार यदु पुनः बने भाजयुमो उतई मंडल अध्यक्ष,कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 16 अप्रैल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा इकाई का पुनर्गठन किया गया है। इसमें ग्राम मचांदुर निवासी प्रवीण कुमार यदु को पुनःभाजयुमों मंडल का अध्यक्ष बनाया गया है। अध्यक्ष बनने पर प्रवीण यदु ने कहा कि वह भाजपा की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देंगे और उन्हें इनका लाभ भी दिलाएंगे। देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में छतीसगढ़ में भाजपा सरकार बनाना तय,भाजयुमों प्रदेश व भाजयुमों जिला का कोई भी कार्यक्रम आयेगा उसको पूरी तरह संचालित किया जायेगा। दुर्ग जिला भाजपा संगठन में युवा मोर्चा मंडल अध्यक्षों की घोषणा ~ जिला भाजयुमो अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने मंडल अध्यक्ष के रूप में अनुभवी और जोशीले युवाओं को दिया महत्व भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा की सहमति एवं मंडल भाजपा अध्यक्षों की अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष जीत हेमचंद यादव ने भाजयुमो मंडल अध्यक्ष की नियुक्तियां की है। प्रवीण यदु की नियुक्ति पर राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय, दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल,पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशील साहू,जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा,महामंत्री ललित चंद्रकार,सुरेंद्र कौशिक,जिला पंचायत सदस्य,माया बेलचंदन,प्रीतपाल बेलचंदन,भाजयुमों जिला अध्यक्ष जीत यादव मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,मंडल महामंत्री सोनू राजपूत,पुकेश चंद्रकार,फलेन्द्र सिंह राजपूत, अजीत चंद्रकार,पार्षद सतीश चंद्रकार,योगेश ठाकुर,भीमसेन सिन्हा,सरस्वती साहू लक्ष्मी नारायण साहू,चंदू देवांगन, रूपेश पारख, आशीष साहू,नरेंद्र साहू,महिला मोर्चा अध्यक्ष शीतला ठाकुर, बिमला कामड़े,हेमलता देशमुख,दनेश्वरी देशमुख,दानेश्वर यादव,जितेंद्र चंद्रकार, लेखुदास साहू,अनिल साहू,रूपनारायण शर्मा,नवाब खान,जसलोक साहू,दिनेश देशलहरे,रामकृष्ण साहू,राजूलाल साहू,शुभम वर्मा,पोषण साहू,राजूलाल देशमुख,वामन साहू,दिनेश देशमुख,जितेंद्र साहू,शत्रुहन साहू,कारण सेन,राजेश साहू,संतोष सपहा, किशन यादव,सुरेश देशमुख,सहित क्षेत्र की जनता में हर्ष की लहर है ।



### बैठक में बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा की गई

**उतई, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा दक्षिण पाटन मंडल द्वारा बूथ सशक्तिकरण की समीक्षा के संबंध में एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया था,उक्त बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश भाजपा के संगठन महामंत्री मान श्री पवन साय जी, जिला भाजपा दुर्ग के प्रभारी मान श्री राजीव अग्रवाल जी, जिला भाजपा दुर्ग के अध्यक्ष मान श्री जितेंद्र वर्मा जी, पाटन विधानसभा के प्रभारी मान श्री सच्चिदानंद उपासने जी, महिला मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एव जिला पंचायत दुर्ग की सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर जी, मंडल के प्रभारी श्री रोहित साहू जी, सह प्रभारी श्री राजेश चंद्राकर जी, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती दिव्या कलिहारी उपस्थित हुए।

# बजरंग दल के जिला संयोजक समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी

**भिलाई, 16 अप्रैल।** बेमेतरा जिले में हुए युवक की हत्या के विरोध में बजरंग दल ने 10 अप्रैल को छत्तीसगढ़ बंद का आह्वान किया था। इस दिन बजरंग दल के नेता व कार्यकर्ता शहर की दुकानों को बंद करवाने के लिए निकले थे। इसी दौरान सुपेला में बर्तन की दुकान संचालित करने वाले एक कांग्रेस नेता और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं का विवाद हो गया। बंद के आह्वान के बाद भी दुकान खुली होने की बात को लेकर इनके बीच में विवाद हुआ। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने उससे गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी वो उनसे बचकर निकलने की कोशिश कर रहा था तो बजरंगियों ने उसे घेरे रखा और उसकी दुकान के बाहर रखे सामान को डंडे से पीटने लगे घटना की शिकायत पर सुपेला पुलिस ने बजरंग दल के जिला संयोजक समेत अन्य आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की है। पुलिस ने बताया कि सुपेला मार्केट में बर्तन की दुकान संचालित करने वाले कांग्रेस नेता दुर्गेश ताम्रकार की शिकायत पर बजरंग दल के जिला संयोजक रवि निगम, रवि निगम के भाई और ज्योति शर्मा व अन्य आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की गई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि 10 अप्रैल की सुबह 10 बजे अपने दुकान के शटर को आया गिरा दिया था और बाहर निकालकर रखें गए सामानों की निगरानी के लिए दुकान के बाहर ही बैठा हुआ था। इसी दौरान आरोपित पूरे दल बल के साथ वहां पर पहुंचे शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि ज्योति शर्मा नाम की महिला ने दुकान खोले जाने की बात पर आपत्ति जताते हुए उससे गाली गलौच की वहीं रवि निगम और उसके भाई ने उसे धमकाया था।

### अपॉइंटमेंट के नाम पर युवती हुई ठगी का शिकार

**भिलाई, 16 अप्रैल।** अपोलो अस्पताल कोलकाता में अपॉइंटमेंट के नाम पर युवती ठगी का शिकार हो गई। अज्ञात ने 99967 रुपए की धोखाधड़ी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 420 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर- 10 निवासी सृष्टि सूर्यवंशी ( 23 वर्ष ) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 9 अप्रैल की शाम 4.15 बजे अपने चाचा के लड़के के उपचार करवाने के लिए अपोलो अस्पताल कोलकाता में अपॉइंटमेंट लेने के लिए गूगल से कस्टमर केयर नबंर पर कॉल किया तो एक लड़की ने कॉल रिसीव किया अपॉइंटमेंट के नाम पर काल ट्रांसफर किया। इसके बाद एक व्यक्ति ने प्रार्थिया से बात कर उसके व्हाट्सएप नबंर पर एक लिंक भेजा जिसमें पेशेंट की डिटेल भरने के लिए कहा गया प्रार्थिया ने उक्त लिंक को क्लिक कर पेसेंट का नाम और डिटेल भरा। उसके बाद गूगल पे एटीएम के माध्यम से 5 रुपए का टोकन के नाम से मांगा गया इसके बाद ट्रांजेक्शन दो बार फेल गया। उक्त व्यक्ति ने एक अन्य नंबर भेजा और इस तरह से कुल 99967 की धोखाधड़ी की गई।

### कांग्रेस के प्रदेश महासचिव से मारपीट, एफआईआर दर्ज

**भिलाई, 16 अप्रैल।** कांग्रेस के प्रदेश महासचिव से मारपीट की घटना हुई है। दोनों आरोपित कांग्रेस नेता के परिचित हैं। आरोपितों ने शिकायतकर्ता से शराब पीने के लिए रुपये मांगे थे। रुपये न मिलने पर आरोपितों ने मारपीट की और उसकी सोने की चेन छीनकर रख ली। घटना की शिकायत पर भिलाई नगर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी की है। पुलिस ने बताया कि कांग्रेस के महासचिव रौनक सचदेव की शिकायत पर आरोपित प्रियमशरण और श्यामाचरण के खिलाफ प्राथमिकी की गई है। शिकायतकर्ता अपने दोस्त दीपक सचदेव को छोड़ने के लिए उसके घर हुडको जा रहे थे ठगड़ाबांध ओवरब्रिज पार करने के बाद जैसे ही हुडको के मोड़ की तरफ मुड़े, वहां पर पहले से खड़े आरोपितों ने शिकायतकर्ता की कार को रुकवाया। शिकायतकर्ता ने रौनक सचदेव ने आरोप लगाया है कि आरोपितों ने पहले शराब पीने के लिए रुपये की मांग की थी। रुपये न मिलने पर आरोपितों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इसी दौरान आरोपितों ने शिकायतकर्ता के गले से उसकी सोने की चेन छीन ली और अपने पास रख लिया।

### भखारा से बोरझरा मार्ग बजट सत्र में पास

**अंवरी।** भखारा से बोरझरा मार्ग 3 किलोमीटर का बजट सत्र में पास होने से महेंद्र कुमार साहू सरपंच ग्राम पंचायत बोरझरा ने क्क2स्र मंत्री ताम्रध्वज साहू और अजय चंद्राकर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्राम बोरझरावासी को भखारा जाने के लिए रामपुर हलचल पुर से होकर गुजरना पड़ता था लेकिन या 3 किलोमीटर का रास्ता हमारे गांव के बच्चे बूढ़े नौजवान को राहत दिलाएगी जिसके चलते हम सभी का परेशानी दूर होगा7

# कोक ओवन के अधिकारी व कर्मचारी कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित



भिलाई, 16 अप्रैल। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के अंतर्गत दिनांक 13 अप्रैल को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कोक ओवन के सभागार में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग) तरुण कनरार उपस्थित थे। तरुण कनरार ने विभाग के सहायक महाप्रबंधक मलखान सिंह गजभिये को अंतिम तिमाही (अक्टूबर 2022 से दिसम्बर 2022) के लिए पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। इसी तारतम्य में जनवरी 2023 के लिए कोदंड राव, मास्टर तकनीशियन, (मैकेनिकल मेंटेनेंस) व बीर सिंह, मास्टर तकनीशियन, (मैकेनिकल मेंटेनेंस) को एवं फरवरी 2023 के लिए राकेश कुमार, मास्टर ऑपरेटर (सीएचपी) व श्री मो. खालिद, मास्टर ऑपरेटर (एच एंड आर) को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया। पुरस्कृत कार्मिकों को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समारोह में कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग के महाप्रबंधक समीर राय चौधरी, पी वी वी एस मूर्ति, बी पासवान, महाप्रबंधक एस के पंचभाई, बी सी मंडल व अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रबंधक वी रामाराव ने किया तथा अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी प्रवीण शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बेरोजगारी भत्ता लेने युवाओं ने दिखाई रुचि अब तक 4047 युवाओं ने कराया पंजीयन

**धमतरी, 16 अप्रैल।** जिले में बेरोजगारी भत्ता लेने युवाओं में नया उत्साह और उमंग देखा जा रहा है। युवा आवेदन करने में अपना रूचि दिखा रहे हैं। वही योजना के प्रारंभ होने के कुछ ही दिवस के भीतर ही 4 हजार 047 से अधिक बेरोजगार युवाओं ने पोर्टल में अपना पंजीयन कराया है। पंजीयन के साथ ही बेरोजगारों को सत्यापन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। उनके बैंक खातों का भी सत्यापन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के बेरोजगारों को 25 सौ रूपए बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा तथा योजना के अमल के बाद धमतरी जिले के युवाओं में इस योजना का लाभ लेने के लिए जोश देखा जा रहा है।

# कार्यशाला में खरीदी प्रक्रिया की विस्तार से दी जानकारी




भिलाई, 16 अप्रैल। भिलाई इस्पात संयंत्र के संविदा प्रकोष्ठ संकार्य विभाग के तत्वावधान में ई खरीदी पहल (जेम और एसआरएम-7) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआरडीसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक संविदा प्रकोष्ठ (संकार्य) के सी मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और खरीदी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार ने कहा कि तकनीकी और प्रौद्योगिकी के प्रयोग से समय का सदुपयोग व कार्य में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने जीईएम से विक्रेताओं और समर्थकों की सर्वाधिक भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी असित साहा ने पेपरलेस वर्क एवं समय की बचत पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी पी के सरकार ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्य को गति देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में जेम पर प्रस्तुति देने हेतु विशेष रूप से रायपुर से पधारे अमित कुमार उपाध्याय ने जेम पोर्टल से कार्य करने की पद्धति, खरीदी पद्धति, रजिस्ट्रेशन पद्धति एवं निविदा जमा करने की पद्धति के बारे में बहुत ही विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती नम्रता जैफरीन ने एसआरएम पद्धति द्वारा निविदा भरने की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विचार विमर्श व बातचीत के साथ-साथ ठेकेदारों द्वारा किए गए सभी सवालों का जवाब संविदा प्रकोष्ठ के महाप्रबंधक दिलीप कुमार पंडा ने दिया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र के संकार्य क्षेत्र में काम करने वाले करीब 50 ठेकेदार उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र ने हमेशा से ही नवाचार को अपनाया है। जेम और एसआरएम-7 के माध्यम से नई तकनीक द्वारा ई खरीदी पहल को सभी उपस्थित जनों ने सराहा। संचालन उप महाप्रबंधक संविदा प्रकोष्ठ अंशुमान मिश्र ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक महाप्रबंधक संविदा प्रकोष्ठ श्रीमती कोमल मेहरा ने किया।

# नाश्ता मांगने पर हुआ विवाद,ससुर व साले ने दामाद से की मारपीट

**भिलाई, 16 अप्रैल।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के हाउसिंग बोर्ड एक घर में विवाद हुआ शिकायतकर्ता पुलिस विभाग में एएसआइ है और वर्तमान में बालोद जिले में पदस्थ है 11 अप्रैल को जमशेदपुर झारखंड से उसका साला और ससुर आए हुए थे दोनों के घर आने पर उसने उनका आदर सत्कार। भी किया, लेकिन उससे एक गलती हो गई दोनों की मौजूदगी में ही उसने अपनी पत्नी से अपने लिए भी नाश्ता मांग लिया। इस बात पर पत्नी बिफर हुई और बोली कि वो अपने भाई और पिता का पहले सत्कार करेगी पिता ने भी अपने बेटी का साथ देते हुए दामाद को बुरा भला कहना शुरू कर दिया फिर अचानक से विवाद शुरू हो गया। साले और ससुर ने मिलकर एएसआइ की पिटाई कर दी एएसआइ की मां ने बीच बचाव की कोशिश की तो उसकी पत्नी ने अपनी सास का बाल पकड़कर उसे जमीन पर पटक दिया इसके बाद परिवार के बाकि सदस्य भी जमा हो गए और घर में मारपीट हुई इसके बाद एएसआइ ने जामुल थाना में ससुर और पत्नी के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की गई है पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड जामुल निवासी शिकायतकर्ता राहुल प्रसाद गुप्ता की शिकायत पर उसके ससुर यशोदा नगर छोटा गोविंदपुर रेलवे फाटक के पास थाना परसुडीह जिला पूर्वीसिंह जमशेदपुर झारखंड निवासी मदन साह, साला रोहन साह और पत्नी प्रीति गुप्ता बालोद में पदस्थ है एएसआइ, बचाव करने आई मां से पत्नी ने की मारपीट नाश्ता मांगने की बात पर हुआ विवाद जामुल पुलिस ने दर्ज की एफआइआर के खिलाफ प्राथमिकी की गई है दो दिन पहले मंगलवार को दोनों आरोपित ससुर व साला, शिकायतकर्ता के घर परआए थे शिकायतकर्ता ने अपनी पत्नी से नाश्ता मांगा तो पत्नी ने इन्कार कर दिया इसी बीच आरोपित ससुर ने कहा कि वो उसके सामने उसकी बेटी से ऐसे कैसे बात कर रहा है। इसके बाद विवाद शुरू हो गया। आरोपित ससुर मदन साह और साले रोहन साह ने मिलकर शिकायतकर्ता राहुल प्रसाद गुप्ता से मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच राहुल प्रसाद गुप्ता की मां उर्मिला गुप्ता बीच बचाव के लिए आई तो उसकी पत्नी प्रीति गुप्ता ने उसका बाल खींचकर जमीन पर पटक दिया और उससे मारपीट शुरू कर दी। विवाद होता देख शिकायतकर्ता का भाई विनीत प्रसाद गुप्ता और पिता नरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने भी बीच बचाव की कोशिश की तो आरोपितों ने उनसे भी मारपीट की। इसके बाद ये मामला जामुल थाना तक पहुंचा जिसके बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत प्राथमिकी की है।

# समाज सेवक नीलमणि भारद्वाज के दशगात्र कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री



**भिलाई, 16 अप्रैल।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समाज सेवक स्वर्गीय नीलमणि भारद्वाज के दशगात्र कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पाटन के गुढ़ियारी ग्राम पहुंचे थे। जहां मुख्यमंत्री ने शोक संतृप्त परिवार को सांत्वना दी और परिवार द्वारा पीढ़ी दर पीढ़ी किए जाने वाले समाज सेवा के कार्य को अतुलनीय बताया। उन्होंने स्वर्गीय नीलमणि भारद्वाज को मृदुभाषी एवं सरल स्वभाव का व्यक्ति बताया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय नीलमणि भारद्वाज के सामाजिक योगदान को जीवंत रखने के लिए कई घोषणाएं भी की। जिनमें उनके नाम पर प्राथमिक शाला गुढ़ियारी का नामकरण, आमालोरी चौक पर उनकी मूर्ति स्थापना व उनके नाम पर चौक का नामकरण, आमालोरी गायत्री शक्तिपीठ में भोजनालय शेड बनाने की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय नीलमणि भारद्वाज के पिता स्वर्गीय चिंताराम भारद्वाज को भी याद किया। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, स्वर्गीय चिंताराम भारद्वाज के ग्राम स्वराज और भूदान आंदोलन में उनकी भूमिका, सत्याग्रह आंदोलन में उनकी सक्रियता और ग्रामीण अंचल में शिक्षा के माध्यम से जन जागरण के उनके अथक प्रयास पर चर्चा की। स्वर्गीय नीलमणि भारद्वाज स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय चिंताराम भारद्वाज के ज्येष्ठत पुत्र हैं। उसके अलावा 1978 से 1981 तक वो जनपद पंचायत पाटन के अध्यक्ष भी रहे। इसके साथ ही वो गायत्री शक्तिपीठ अमल होरी के संस्थापक व संरक्षक भी थे।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3' ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है, जहां 8 अप्रैल को इस शो के ऑडिशन राउंड का प्रीमियर हुआ। आने वाले वीकेंड में, शानदार डांस टैलेंट कुछ असाधारण परफॉर्मेंस से सभी को हैरान कर देंगे। बेस्ट में से बेस्ट को चुनने की जिम्मेदारी के साथ जज सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस, ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स के रूप में कंटेस्टेंट्स का आकलन करेंगे।



# एंडटीवी के कलाकारों ने बताया वे किन वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स को चाहते हैं देखना



ऐतिहासिक स्मारकों और स्थानों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिये हर साल 18 अप्रैल को वर्ल्ड हेरिटेज डे मनाया जाता है। इसके अलावा, यह दिन राष्ट्रीय धरोहर के संरक्षण के महत्व पर जोर देता है। इस अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों मिक्की डुडाने (वरुण शर्मा, 'दूसरी माँ'), गज़ल सूद (कैट सिंह, 'हप्पू की उलटन पलटन') और इमरान नज़ीर खान (टिम्मी, 'भाबीजी घर पर हैं') ने उन विश्व धरोहर स्थलों के बारे में बताया, जहाँ वे घूमने के लिए जाना चाहते हैं। मिक्की डुडाने, यानि वरुण शर्मा ने कहा, ''मैं दिलवालों की दिल्ली से हूँ और मुझे वहाँ के धरोहर स्थलों पर गर्व है। मैं बचपन से ही कुतुब मीनार और लाल किले की शान को देख रहा हूँ। लेकिन घूमने-फिरने का शौक होने के कारण मैं जयपुर आना चाहता था, क्योंकि इसे पिछले साल ही यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित किया गया है। सौभाग्य से, मेरे शो 'दूसरी माँ' का सेट यहीं है और हम पिछले कुछ हफ्तों से 'गुलाबी शहर' में इसकी शूटिंग कर रहे हैं। जयपुर की खूबसूरती और इतिहास, चाहे प्राचीन हो, मध्यकालीन या आधुनिक, बेमिसाल है। मैं यहाँ जिन जगहों पर जाना चाहता हूँ, उनकी सूची बना चुका हूँ, जैसे कि आमेर का किला, जंतर मंतर, सिटी पैलेस, हवा महल और गोविंद देव मंदिर की रचनात्मक और वास्तुशिल्पीय कारीगरी को देखना चाहता हूं। मुझे जब भी अपने व्यस्त शेड्यूल से थोड़ा वक्त मिलता है, मैं जयपुर के समृद्ध ऐतिहासिक स्मारकों का अनुभव लूंगा और अपने सोशल मीडिया को उनकी बेहतरीन तस्वीरों से भर दूंगा।''

'हप्पू की उलटन पलटन' की कैट, यानि गज़ल सूद ने कहा, ''हममें से ज्यादातर लोगों के पास उन जगहों की सूची है, जहाँ हम एक दिन जाना चाहते हैं; मेरी इच्छा प्यार की निशानी ताजमहल को देखने की थी। कॉलेज के दौरान मैं हमेशा ऐसी तस्वीर खिंचवाने की कल्पना करती थी कि मेरे हाथ में ताजमहल का गुंबद हो। दुनिया का सातवां अजूबा रात में ज्यादा खूबसूरत दिखता है और अपने दोस्तों के साथ उसे सुबह देखने के बाद, हम चांदनी रात में उसे देखने गये थे। वह बड़ा ही खूबसूरत था। हेरिटेज साइट्स हमारे अतीत की विरासत हैं और हमें उनका संरक्षण करना चाहिये। वर्ल्ड हेरिटेज डे पर मैं हर किसी से इन ऐतिहासिक खजानों के संरक्षण में योगदान देने का आग्रह करती हूँ।'' 'भाबीजी घर पर हैं' के टिम्मी, यानि इमरान नज़ीर खान ने कहा, ''मैं पिछले साल मध्यप्रदेश गया था और भारत के दिल की ऐतिहासिक और बुनियादी ढांचे के मामले में सुंदरता देखकर मुझे उससे प्यार हो गया। वहाँ कई यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स हैं। जब मैंने वह टीवी विज्ञापन देखा था कि 'अगर मध्यप्रदेश आये और खजुराहो नहीं देखा तो क्या देखा?'', तभी से मैं वहां जाने का इच्छुक था और मेरी तमन्ना पिछले साल पूरी हुई। नगारा शैली में बने खजुराहो के सारे मंदिर जरूर देखने चाहिये, क्योंकि वे मूर्तिकला और शिल्पकला के प्रतिमान हैं। यह मंदिर दुनिया को भारत की अनोखी देन हैं और उत्तम अभिव्यक्ति के साथ जीवन का प्रेम और आनंद दिखाते हैं। एमपी में वह आर्किटेक्चर और दूसरी हेरिटेज साइट्स, जैसे कि सांची स्तूप और भीमबेटका की चट्टानें देखना जिन्दगी में एक बार मिलने वाले अनुभव जैसा था और उनका संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। मेरी सूची में दूसरी हेरिटेज साइट है महाराष्ट्र की अजंता एलोरा गुफाएं, जहाँ मैं अपने कुछ दोस्तों के साथ जल्दी ही जाऊंगा। वर्ल्ड हेरिटेज डे पर, आइये हम अपने प्राचीन विश्व धरोहर स्थलों की बहाली और संरक्षण का संकल्प लें।''

***देखिये 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार केवल एण्डटीवी पर!***

## मातृभूमि का स्नेह छत्तीसगढ़ी फिल्म की ओर खींच लायाः सुभाष जयसवाल



बिलासपुर निवासी फिल्म टीवी सीरियल्स के मशहूर निर्देशक सुभाष जयसवाल विगत 20 सालों से मुम्बई माया नगरी में ग्लैमर वर्ल्ड से जुड़े हुऐ हैं। मुम्बई में रहते हुए आपने नेशनल टेलीविजन में बालाजी टेलीफिल्म से अपनी निर्देशन कला की यात्रा का श्रीगणेश करने के बाद, निरंतर स्टार प्लस, सोनी टीवी, जी-टीवी, कलर्स चैनल में विभिन्न सीरियल्स में अपने निर्देशन का लोहा मनवा चुके है। छत्तीसगढ़ बिलासपुर में रहते हुए रंगमंच में अच्छा खासा अनुभव लिए, जिसके बाद उन्होंने मुम्बई की ओर रुख कर सर्वप्रथम उन्हें लाइफ ओके चैनल के लिए गुलाम नामक टीवी सीरियल को निर्देशित करने का मौका मिला, फिर चर्चित धारावाहिक महक जो कि जी-टीवी में प्रसारित होता था, उसमें भी इन्होंने ने अपने निर्देशन का जौहर दिखाया। इसी तरह एक के बाद एक टीवी सीरियल्स जैसे स्टार-प्लस में कृष्णा चली लंदन, सरस्वतीचंद्र, साथ ही साथ जी-टीवी में गुड्डन, क्यूं रिश्तों में खट्टी बातें, अफसर बिटिया, यहां मैं घर-घर खेली, जैसे बहुत से सीरियल्स को निर्देशित किया, सोनी-टीवी में मेरा नाम करेगी रोशन, कलर्स चैंनल में पिंजरा जैसे नामचीन प्रमुख धारावाहिकों को निर्देशित किया। हाल-फिलहाल वे विगत 25 दिनों से छत्तीसगढ़ के हसीन वादियों में निर्माता एक्टर दीपक जिन्दवानी की निर्माणधीन छत्तीसगढ़ी फिल्म बनवास को बेहतरीन तरीके से निर्देशित कर रहे है।

## एण्डटीवी के कलाकारों ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर बाबासाहेब को दी श्रद्धांजलि



भारतीय इतिहास के एक सर्वाधिक असाधारण नेता– डॉ बी. आर. आम्बेडकर, जिन्होंने एक क्रांति की शुरूआत की और दलितों की आवाज बने, हर साल 14 अप्रैल को आम्बेडकर जयंती का उत्सव मनाया जाता है। 'बाबासाहेब' के नाम से मशहूर डॉ आम्बेडकर के जीवन और विरासत ने कई लोगों को प्रेरणा दी है। डॉ बी. आर. आम्बेडकर की जयंती के अवसर पर, एण्डटीवी के कलाकारों 'एक महानायक– डॉ बी. आर. आम्बेडकर के अथर्व (भीमराव), जगन्नाथ निवानगुणे (रामजी सकपाल), नारायणी महेश वरणे (रमाबाई), 'दूसरी माँ' की नेहा जोशी (यशोदा), 'हप्पू की उलटन पलटन' की कामना पाठक (राजेश) और 'भाबीजी घर पर हैं!' के रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी) ने बाबासाहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। अथर्व ऊर्फ एण्डटीवी के 'एक महानायक– डॉ बी.आर. आम्बेडकर' के युवा भीमराव ने कहा, ''डॉ बी.आर. आम्बेडकर ने एक देश और एक संविधान के अंतर्गत लाखों भारतीयों को एकजुट कर एक अखंड भारत की नींव रखी थी। उनके शिक्षण और सिद्धांत आज भी भारतीयों से जुड़ाव बनाते हैं। उनकी जीवन गाथा को प्रदर्शित करने वाले शो का हिस्सा बनकर और युवा भीमराव का किरदार निभाकर मुझे गर्व हो रहा है।'' नेहा जोशी ऊर्फएण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की यशोदा ने कहा, ''डॉ आम्बेडकर वाकई में एक महान नेता थे। उनके कार्यों ने भारतीयों को प्रभावित किया और उनके दिलों को छुआ भी। फिर चाहे समानता, नारी सशक्तिकरण के लिये उनका संघर्ष हो या शिक्षा में सुधार को लेकर उनकी भागीदारी। उन्होंने प्रत्येक भारतीय के जीवन को प्रभावित किया। आम्बेडकर जयंती पर आईये हम सब महिलाओं एवं समाज के उत्थान के लिये बाबासाहेब के अनगिनत कार्यों को याद करें और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करें।'' कामना पाठक ऊर्फएण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की राजेश ने कहा, ''बाबासाहेब ने कई लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के आधार पर निर्मित एक समाज की परिकल्पना की। सामाजिक एवं आर्थिक सुधारों के लिये उन्होंने काफी प्रयास किये और अखंड भारत के अपने सपने को साकार किया। उनके कार्यों ने हम सभी के जीवन को प्रभावित किया है। उनकी जयंती पर आईये एकसाथ मिलकर उस महान नेता को याद करें और उन्हें श्रद्धांजलि दें।''

## अली सोनी सब के अलीबाबा एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर-2 में अपनी मां से मिलने के लिए आखिरकार तैयार है



सोनी सब का अलीबाबा – एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर 2 एक फैमिली एंटरटेनर है, जो रखवाले और कोतवाल अली (अभिषेक निगम) के साहसिक कारनामों पर आधारित है। अपने प्यारे किरदारों और आकर्षक कहानी के कारण, इस शो को अपने दर्शकों से बहुत प्यार और ढेरों प्रशंसक मिले हैं। सिमसिम (सायंतनी घोष) के अपनी कैद से भाग जाने के बाद, अली और मरजीना (मानुल चुड़ासमा) को अलीफी और बच्चों के अपहरण सहित कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। हालांकि, अगले कुछ एपिसोड्स में जब अली एक निडर योद्धा रोशनी (जसवीर कौर) से मिलेगा तो उसे उम्मीद की किरण नज़र आएगी। एक देवदूत के रूप में, रोशनी अली की सहायता के लिए आएगी और कई बाधाओं को दूर करने में उसकी मदद करेगी। कई बड़ी बुराइयों के खिलाफअपनी लड़ाई के दौरान, रोशनी और अली एक–दूसरे के बहुत अच्छे दोस्त बन जाएंगे और उनके बीच एक मजबूत रिश्ता बन जाएगा। लेकिन उन दोनों को ही नहीं पता, कि वे जितना महसूस करते हैं, उनका रिश्ता उससे कहीं अधिक शक्तिशाली हैं। रोशनी वास्तव में अली की मां है, जिसे उसने कई साल पहले खो दिया था। तो जब ये मां–बेटा आमने–सामने आएंगे तो क्या ये एक–दूसरे को पहचान पाएंगे?

***देखिये अलीबाबा एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर 2, हर सोमवार से शुक्रवार, शाम 7 बजे सिर्फसोनी सब पर***

## सोनी सब के ध्रुव तारा - समय सदी से परे में, ध्रुव अपनी मां को पुलिस से छुड़ाने के लिए क्या करेगा?



सोनी सब का ध्रुव तारा – समय सदी से परे अपनी तरह का एक अनूठा शो है, जो दो अलग–अलग कालखंड के दो लोगों ध्रुव (ईशान धवन) और ताराप्रिया (रिया शर्मा) के बीच एक अलग प्रेम कहानी को दर्शाता है। शो के रोमांचक कहानी ने दर्शकों को बांध लिया है, और जबकि ध्रुव के मन में धीरे–धीरे तारा के लिए भावनाएं विकसित हो रही हैं, दर्शक इस रोमांटिक चरण का पूरी तरह से आनंद ले रहे हैं। आने वाले एपिसोड्स में, कहानी ज्यादा ड्रामा, रोमांस और रोमांचक सीक्वेंस से भरपूर एक दिलचस्प मोड़ लाने का वादा करती है। सुशीला (ध्रुव की मां) तारा को पुलिस स्टेशन ले जाती है, जहां वह उसे एक वीडियो दिखाती है और सभी को अंधेरे में रखने को लेकर उससे सवाल करती है। तारा सुशीला को समझाती है कि उस गुंडे से लड़ाई के दौरान वह सिर्फलड़की की जान बचाना चाहती थी, लेकिन सुशीला ने सुनने और समझने से इनकार कर दिया। उनकी बहस बढ़ जाती है और सुशीला तारा को चलती कार के सामने फेंक देती है। सौभाग्य से, ध्रुव तारा की सहायता के लिए आता है और उसे बचाता है।

# इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न-3 में कंटेस्टेंट शुभम रेवांकर ते परफॉर्मेंस पर फिदा जज गीता कपूर



सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के देसी डांस रियलिटी शो 'इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3' ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया है, जहां 8 अप्रैल को इस शो के ऑडिशन राउंड का प्रीमियर हुआ। आने वाले वीकेंड में, शानदार डांस टैलेंट कुछ असाधारण परफॉर्मेंस से सभी को हैरान कर देंगे। बेस्ट में से बेस्ट को चुनने की जिम्मेदारी के साथ जज सोनाली बेंद्रे, गीता कपूर और टेरेंस लुइस, ई.ई.एन.टी. स्पेशलिस्ट्स के रूप में कंटेस्टेंट्स का आकलन करेंगे। इस मौके पर महाराष्ट्र के शुभम रेवांकर का 'सुन री सखी' गाने का सुंदर अनुवाद जज गीता कपूर के दिल में हलचल पैदा कर देगा।

इस शानदार परफॉर्मेंस के ठीक बाद, जज गीता कपूर कहेंगी, मैं चाहती हूं कि कोई मुझे इस तरह से प्यार करे! कुछ परफॉर्मेंस ऐसी होती हैं, जिन्हें देखकर आपको सुकून मिलता है। यह एक सुकून वाला एक्ट था, मुझे इसे देखना बहुत अच्छा लगा ... आप मुझे एक सफर पर ले गए। जब डांसर्स मंच पर आते हैं, तो मुझे बहुत खुशी होती है और मैं उनके सफर का हिस्सा बन जाती हूं। यह एक खूबसूरत एहसास था, जिसमें मुझे ऐसा लगा जैसे मैं किसी बाग में हूं।

जजों को सरप्राइज़ देते हुए हुए शुभम ने बताया कि उन्होंने डांस खुद से ही सीखा है और इस परफॉर्मेंस में उनकी अपनी कोरियोग्राफी थी। ये टैलेंटेड डांसर यह खुलासा भी करेंगे कि उन्होंने अपने पिता की वजह से पहले भी रियलिटी शोज़ और प्रतियोगिताओं में परफॉर्म किया है, जो उनके सबसे बड़े सपोर्टर थे। इस बारे में बात करते हुए शुभम कहते हैं, मम्मी कहती थीं पहले पढ़ाई करो और बाद में डांस करो, और डैड कहते थे पहले पैशन और फिर पढ़ाई। जब उनसे पूछा गया कि उनके पिता कहां हैं, तब सारे जज ये सुनकर सदमे में आ गए कि डेढ़ साल शुभम ने अपने पिता को खो दिया था। शुभम के पैरेंट्स उनके सबसे बड़े चीयरलीडर्स हैं और इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीजन 3 के मंच पर यह परफॉर्मेंस उनके पिता की अनुपस्थिति में उनकी पहली प्रस्तुति थी। शुभम ने आगे अपने पिता को याद करते हुए कहा, वो कहते थे कि 'आपको जो पसंद है, वो पहले करो, जो दूसरों को पसंद है, आपको वो करने की ज़रूरत नहीं है।' मैंने कहता था कि मैं डांस करना चाहता हूं और वो हर संभव तरीके से मुझे सपोर्ट करते थे, जो एक पिता अपने बेटे के लिए कर सकता है। यहां तक कि जब मैं रिहर्सल के बाद देर रात घर आता था, तो मुझे लगता था कि मेरे पैरेंट्स सो रहे हैं लेकिन वे तब भी जाग रहे होते थे। वे बहुत छोटी-छोटी बातों का ध्यान ख्याल रखते थे। और, मैं बस उनको बहुत मिस करता हूं। क्या शुभम मेगा ऑडिशन में अपनी जगह बना पाएंगे और अपने पिता के लिए यह प्रतियोगिता जीत पाएंगे?

***इंडियाज़ बेस्ट डांसर सीज़न 3 में देखिए शुभम रेवांकर की मनमोहक परफॉर्मेंस, इस वीकेंड रात 8 बजे, सिर्फ सोनी एंटरटेंट टेलीविजन पर।***



एण्डटीवी के शोज 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' अपने दिलचस्प किस्सों से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में वरुण शर्मा ने बताया, ''अरविंद (मयंक मिश्रा) हरिद्वार से लौटता है और सभी को बताता है कि अशोक (मोहित डागा) तभी वापस आयेगा, जब कृष्णा (आयुध भानुशाली) घर छोड़ देगा। अरविंद इसके सबूत के तौर पर अशोक की लिखी एक चिट्ठी भी दिखाता है। यशोदा (नेहा जोशी) अरविंद से उलझ जाती है और फिर वह बताता है कि वह चिट्ठी अशोक ने नहीं लिखी थी। बाद में वरुण (मिक्की डुडाने) कृष्णा को दूर ले जाने के लिये आता है, लेकिन यशोदा उसे डीएनए जाँच करवाने के लिये कहती है, ताकि कृष्णा के असली पिता का पता चल सके।''

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में राजेश ने बताया, ''कमिश्नर

## होगा भरपूर मनोरंजन!

(किशोर भानुशाली) हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को अपना सोशल मीडिया अकाउंट बनाने का आर्डर देता है। चूंकि वह बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) के साथ पीने में व्यस्त है, इसलिये एचसीआर (ऋतिक, चमची और रनबीर) को अपना यह काम सौंप देता है। राजेश (कामना पाठक) और बिमलेश (सपना सिकरवार) उनकी बातें सुन लेती हैं और अपने-अपने पति की वफादारी को परखने के लिये कैट (गज़ल सूद) की मदद से अपने नकली सोशल मीडिया अकाउंट्स बना लेती हैं।'' एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में अंगूरी ने बताया, ''मॉडर्न कॉलोनी में हर कोई बड़ी बेसब्री से एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच का इंतजार कर रहा है। हर किसी को पता चलता है कि भारतीय क्रिकेट टीम का कप्तान टिम्मी (इमरान नज़ीर खान) विभूति का कज़िन है। विभूति टिम्मी को मॉडर्न कॉलोनी में बुलाता है।



## सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल में, क्या अश्विन अपने पिता दिलीप को उनके सभी गलत कामों के लिए माफकर देगा और नए सिरे से रिश्ता शुरू करेगा?



सोनी सब के प्रमुख धारावाहिकों में से एक, पुष्पा इम्पॉसिबल, एक सिंगल मदर पुष्पा की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपनी पढ़ाई पूरी करने के साथ ही अपने बच्चों के भरण-पोषण का प्रयास करती है। अपने सकारात्मक और समस्या को सुलझाने के रवैया से, एक आकर्षक अनाड़ीपन के साथ मिलकर, वह दर्शकों की प्रिय बन गई है। उसने अपने पूरे जीवन में अपनी क्षमता के अनुसार हर संभव प्रयास किया है कि उसके बच्चों को सर्वोत्तम चीजें मिले। हाल के एपिसोड में, दर्शक दिलीप (जयेश मोरे) को चॉल में रहते और पुष्पा (करुणा पांडे) का पड़ोसी बनते हुए देखेंगे। जैसे ही दिलीप चॉल में रहने आता है, पुष्पा और राशि दोनों को अपनी एसएससी परीक्षा के लिए जाते हुए देखा जाता है और इस नई उथलपुथल के कारण, पुष्पा की परीक्षा छूट जाती है। आगामी एपिसोड्स में, हम चॉल में खूब ड्रामा होते हुए देखेंगे। पुष्पा अपनी परीक्षा के लिए जाते समय, दिलीप को अपनी ओर बढ़ता देखकर हैरान रह जाएगी। अगले ही दिन, वह चॉल में हवन करने की योजना बनाता है ताकि सभी को यह साबित किया जा सके कि वह बदल गया है और एक शुद्ध व पवित्र व्यक्ति बन गया है। अश्विन चॉल में आता है और दिलीप को ढोंग करते देख नाराज़ हो जाता है। वह क्रोधवश हवन में दिलीप की नेमप्लेट फेंक देता है और उस वक्त दिलीप और पुष्पा दोनों गुस्से में आ जाते हैं।

***और दिलचस्प ट्विस्ट के लिए देखते रहिए पुष्पा इम्पॉसिबल, सोम-शनि, रात 9:30 बजे, केवल सोनी सब पर***

# किसकी होगी जीत, किसकी होगी हार ?







एण्डटीवी के 'दूसरी माँ', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' के किरदार इस हफ्ते हालातों से जीतने की कोशिश करेंगे। एण्डटीवी के 'दूसरी माँ' की कहानी के बारे में बताते हुये यशोदा ने कहा, कृष्णा (आयुध भानुशाली) से नाराज होने के कारण परिवार वाले खाना खाने से इनकार कर देते हैं। कामिनी (प्रीति सहाय) कृष्णा को चुनौती देती है कि या तो वह घरवालों को खाना खिलाये या घर छोड़कर चला जाये। कृष्णा अपनी चेन बेच देता है और घरवालों के लिये पिज्जा लेकर आता है। वह पड़ोसियों को भी बुलाता है, ताकि वो दादाजी (सुनील दत्त) और परिवार के दूसरे सदस्यों को खाना खाने के लिये दवाब डालें। बाद में, कामिनी और महुआ पड़ोसियों में यह बात फैला देती हैं कि यशोदा (नेहा जोशी) ने ऐलान किया है कि कृष्णा अशोक (मोहित डागा) का बेटा है। उनमें से एक पड़ोसी दादाजी के पास पहुँचकर पूछता है कि क्या वाकई वह खबर सच है। तनाव के कारण दादाजी को पैनिक अटैक आ जाता है। मालती (अनीता प्रधान) यशोदा से विनती करती है कि वह कृष्णा को वापस भेज दे।

एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की कहानी के बारे में बताते हुये राजेश ने कहा, हप्पू (योगेश त्रिपाठी) की लालच और रिश्वतखोरी को लेकर खोदी लाल (शरद व्यास) अपनी नाखुशी जताता है। जब कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) हप्पू को इस बारे में बताती है, तो वह वादा करता है कि अब आगे ऐसा नहीं करेगा। एचसीआर (ऋतिक, चमची और रणबीर) अपनी परीक्षाओं के लिये चिट तैयार करते हैं। हप्पू स्कूल जाता है और उन्हें एक्सपोज कर देता है, जिससे वे परीक्षा में फेल हो जाते हैं। गब्बर हप्पू को बताता है कि उसके किरायेदार उसके खिलाफ केस करने की धमकी दे रहे हैं और हप्पू से मदद करने का अनुरोध करता है, लेकिन वह इनकार कर देता है। क्या हप्पू की ईमानदारी उसे मुसीबत में डाल देगी? एण्डटीवी के 'भाबीजी घर पर हैं' की कहानी के बारे में बताते हुये, विभूति नारायण मिश्रा ने कहा, मॉडर्न कॉलोनी के निवासियों को जब पता चलता है कि सरकार मछुआरों और मछुआरिनों को जमीन दे रही है, तो इसका फायदा उठाने के लिये मोहल्ले के सभी लोग मछुआरे एवं मछुआरिन का वेश धरने का फैसला करते हैं। इस बीच नगर निगम का एक आदमी वहाँ आता है और उन्हें नियम एवं कायदों के बारे में बताता है। वह कहता है कि सरकारी योजना का लाभ उठाने के लिये उन्हें मछुआरा संघ के मुखिया मचलेन्द्र से एक मछलीकरण सर्टिफिकेट लेना होगा। इस सर्टिफिकेट के बिना किसी को भी जमीन नहीं मिलेगी। प्रेम (विश्वजीत सोनी) सभी लोगों को मचलेन्द्र के बारे में बताता है और यह भी कि कैसे माचुरी ने उसका दिल तोड़ा था। वे सभी लोग अनोखे लाल सक्सेना (सानंद वर्मा) को माचुरी बनाने का फैसला करते हैं।

***देखिऐ 'दूसरी माँ' रात 8:00 बजे, 'हप्पू की उलटन पलटन' रात 10:00 बजे और 'भाबीजी घर पर हैं' रात 10:30 बजे, हर सोमवार से शुक्रवार, सिर्फएण्डटीवी पर!***

## इस वेडिंग सीजन में लीजिये जॉर्जिया एंड्रियानी से टॉप-3 इंडियन लुक्स जौहर बाई हाउस ऑफ डायमंड्स में ब्राइडल लुक इंस्पिरेशन



बॉलीवुड अभिनेत्री अपने द्वारा पहने जाने वाले हर आउटफिट में स्टनिंग लगते हैं, लेकिन ट्रेडिशनल आउटफिट उनके आकर्षण में चार चांद लगा देते हैं। जॉर्जिया, जो एक पूरी फैशनिस्टा हैं, को अक्सर फैशन फोटोशूट के लिए सुंदर पोज देते हुए दिखाई देती है। अब हम आपके लिए लाए हैं उनके एथनिक लुक्स की कुछ ऐसी तस्वीरें जो पहले कभी नहीं देखी गई हैं। जौहर बाय हाउस ऑफ डायमंड्स कलेक्शन में पोज देकर अभिनेत्री ने एलेगन्स और रॉयल्टी को फिर से परिभाषित किया। जब आधुनिक गहनों का मिलन पारंपरिक परिधानों से होता है गर्मी आ गई है, और शादी का मौसम भी! तो अगर आप सही ट्रेंडी आउटफिट इंस्पिरेशन की तलाश में हैं, तो फिक्र न करें और जॉर्जिया के मॉडर्न ब्राइडल लुक पर एक नज़र डालें! जब ट्रेंडी गहनों के साथ जोड़ा जाता है, नाजुक फूलों की कढ़ाई के साथ यह शानदार लाल लहंगा आपके वॉर्डरोब के लिए आदर्श जोड़ है। पन्ना और हीरे एक शानदार जोड़ी बनाते हैं, और हार, झुमके, अंगूठी, कंगन और मांग टिक्का इस पुरे लुक को पूरा करता है। इसे आधुनिक और सरल रखते हुए, अभिनेत्री ने अपने इस लुक को ब्लश, काजल, रेड लिप्स और मुलायम कर्ल के साथ पेयर किया।

**हीरा होता है लड़की का बेस्टफ्रेंडः** इस लुक में जॉर्जिया को गोल्डन शिमर के साथ सीक्विन्ड बेज साड़ी में देखा जा सकता है, लेकिन रॉयल्टी के उस अतिरिक्त स्पर्श के लिए पन्ना के साथ टाइमलेस डायमंड चोकर नेकलेस ने हमारा ध्यान खींचा। झुमके और ब्रेसलेट इस शादी के मौसम के लिए एकदम सही कॉम्बो हैं। बस का आखो में कुछ ड्रामा और मिनिमल मेकअप के सात आप मिंटो में त्यार हो सकते है।

**इंडो-वेस्टर्न वाइब के लिए ट्रेंडी ज्वेलरीः** हमारी तरह ही अगर आप सस्टेनेबल ज्वैलरी में यकीन रखती हैं तो यह लुक आपके लिए परफेक्ट है। चाहे आप इसे किसी ड्रेस के साथ पेयर करना चाहें या जॉर्जिया जैसे किसी इंडियन ऑउटफिट के सात, आप इस ज्वेलरी के साथ अलग-अलग तरह से प्रयोग कर सकती हैं। यहां, जॉर्जिया ने इस ट्रेंडी गोल्ड स्पाइरल नेकपीस को लहंगे और ग्लैम मेकअप लुक के साथ पेयर किया। इसलिए, आगामी वर्ष में, जब आप अपने लुक को बेहतर बनाने के लिए एक सहज तरीके की तलाश करते हैं, तो जौहर बाई हाउस ऑफ डायमंड ज्वेलरी आपके लिए एक बड़ी मदत हो सकते है।

## रेयांश चड्ढा आकर्षक व्यक्तित्व वाले 'डॉलर' के रूप में दिल दियां गल्लां की स्टार कास्ट शामिल हुए



सोनी सब का फैमिली ड्रामा 'दिल दियां गल्लां' एक पंजाबी परिवार की दिल को छू लेने वाली और भावनात्मक कहानी है, जो दर्शकों का दिल जीत रहा है। शो ने हाल ही में 100 एपिसोड पूरे किए हैं, और इसकी कहानी दर्शकों के बीच चर्चा का विषय रहती है। जैसा कि रिया (हेमा सूद) और वीर (पारस अरोड़ा) आगामी एपिसोड्स में सगाई करने वाले हैं, बराड़ परिवार जटिल भावनाओं के जाल में उलझा हुआ होगा। विभिन्न घटनाओं के एक रोमांचक मोड़ में, शो में एक पंजाबी व्यक्ति डॉलर (रेयांश चड्ढा) का आगमन होने वाला है, जो मिलनसार है, लोगों का ध्यान खींचता है, और आसानी से अपने आसपास के लोगों का प्यार जीत लेता है। उसे दिखावा करने की आदत है, लगातार खुद की शेखी बघारता है, और किसी अनिवासी भारतीय (एनआरआई) का प्यार पाने का सपना देखता है ताकि वह विदेश में बसने के अपने सपने को पूरा कर सके। डॉलर अमृता (कावेरी प्रियम) और वीर की प्रेम कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि उसकी मौजूदगी कैसे वीर, अमृता और रिया के जीवन को उलझा देती है।

***देखते रहिए दिल दियां गल्लां हर सोमवार से शनिवार शाम 7.30 बजे सिर्फसोनी सब पर***

## जसवीर कौर सोनी सब के अलीबाबा - एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर-2 में अली की माँ की भूमिका निभाएंगी



सोनी सब के लोकप्रिय फैमिली एंटरटेनर 'अलीबाबा - एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर 2' में अली - द रखवाला (अभिषेक निगम) के कारनामों को दिखाया गया है। वह अपने देश की रक्षा के लिए बुरी ताकतों से लड़ता है। यह शो अपने लुभावने किरदारों और मनोरंजक कहानी के कारण प्रशंसकों का पसंदीदा है। इबलीस के रूप में शो में आरव चौधरी की एंट्री के बाद निर्माताओं ने एक और सरप्राइज दिया है। कलाकारों में जसवीर कौर शामिल होने जा रही हैं, जो अली की मां रोशनी की भूमिका निभाएंगी। जहां अली को लगता है कि उसके माता-पिता मर चुके हैं, उसकी मां के उसके जीवन में लौटने के साथ, रहस्य और रोमांच से भरा एक नया अध्याय देखने को मिलने वाला है।

रोशनी एक चुनी हुई, एक दिव्य, मां है जो मृदुभाषी है, लेकिन एक निडर योद्धा भी है जो भगवान और उनकी कृतियों में अपना विश्वास रखती है। अपने शुरुआती दिनों में बुराई से जूझते हुए वह अली के पिता मुस्तफा से मिलीं। उसके जादू और युद्ध तकनीकों के माध्यम से ही था; काबुल को इबलीस और चालीस चोरों से मुक्त कराया गया। हालांकि, इस लड़ाई के दौरान रोशनी ने अपने पति को खो दिया और तब से इबलीस से एक बार फिर युद्ध लड़ने की प्रतीक्षा कर रही है।

***देखिये अलीबाबा एक अंदाज़ अनदेखाः चैप्टर 2, हर सोमवार से शुक्रवार, शाम 7 बजे सिर्फसोनी सब पर***

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ी शक्ति विप्र महिला मण्डल कार्यकारिणी गठित





**रायपुर, 16 अप्रैल।** शक्ति छत्तीसगढ़ी विप्र महिला समाज की बैठक श्री राम जानकी मंदिर कंकाली पारा में संपन्न हुई बैठक में डायरेक्टर श्रीमती कुसुम शर्मा जी और संरक्षिका श्रीमती विभा तिवारी जी की अनुशंसा में श्रीमती प्रीति शुक्ला को पदभार सौंपने के बाद अन्य पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का गठन किया गया। संचालिका कुसुम जी ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी हमारी संस्था को 3 वर्षों के लिए संचालित करेगी।

जिसका विवरण है, संचालिका श्रीमती कुसुम शर्मा जी उनके साथ संरक्षिका गण है- डॉक्टर उषा दुबे, श्रीमती रत्ना मिश्रा, श्रीमती विभा तिवारी; विशेष सलाहकार गण में हैं - श्रीमती शकुंतला शर्मा, श्रीमती विजयलक्ष्मी मिश्रा, भारती किरण शर्मा; सम्मानित सदस्य गण- श्रीमती अलका दीवान, श्रीमती मीरा दुबे, श्रीमती सुषमा तिवारी हैं।

नवनिर्वाचित अध्यक्षा-श्रीमती प्रीति शुक्ला, उपाध्यक्ष-श्रीमती विजयलक्ष्मी शर्मा, श्रीमती सुनीता दुबे,श्रीमती सरिता तरुण शर्मा, सचिव-श्रीमती सुनीता मिश्रा; सह सचिव-श्रीमती ममता शर्मा; निशा तिवारी, सुमन मिश्रा, कोषाध्यक्ष- उषा गोपाल दुबे, सांस्कृतिक सचिव- श्रीमती शजीन्ता, श्रीमती भारती मिश्रा, श्रीमती राजेश्वरी शर्मा, श्रीमती रत्ना तिवारी; मीडिया प्रभारी-श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा; प्रमुख कार्यकारिणी सदस्य-श्रीमती कावेरी तिवारी, पुष्प लता शुक्ला, सविता मिश्रा, श्रीमती सुषमा ध्रुव तिवारी, श्रीमती अर्चना शर्मा, श्रीमती प्रभा शर्मा। पदभार ग्रहण के उपरांत सदस्यों ने नव पद स्थापित पदाधिकारियों को बधाईयाँ एवं शुभकामनाएं दीं। वर्तमान अध्यक्षा प्रीति जी ने कहा जिन कार्यों को निवृतमान कार्यकारिणी प्रारम्भ किया उनके साथ बड़ी जिम्मेवारी समाज की सौहार्द्रता की पुनर्स्थापना को चुनौती रूप ले कर कार्य करना आवश्यक बताया। सांस्कृतिक मूल्यों को नई पीढ़ी में प्रस्फुटित करना हमारी प्राथमिकता है। सचिव ने बताया कि हमारे स्थाई कार्यालय का जीर्णोद्धार भी हम सब मिल कर करेंगे। आभार प्रदर्शन तथा कार्यक्रम के समापन की घोषणा नव निर्वाचित सचिव ने की।

### पक्षियों की प्यास बुझाने वक्ता मंच ने निशुल्क सकोरे वितरित किये

**रायपुर, 16 अप्रैल।** इस भीषण गर्मी में पक्षियों हेतु दाना पानी रखने हेतु प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था वक्ता मंच द्वारा निःशुल्क सकोरा ( मिट्टी के पात्र) का वितरण कार्य राजधानी के विभिन्न क्षेत्रों में जारी है द्यइस क्रम में आज रायपुर नगर निगम मुख्यालय (व्हाईट हाऊस) के सामने स्थित निगम गार्डन में आने जानेवाले नागरिकों को सकोरे वितरित किये गये तथा उनसे चिड़ियों हेतु अपने घर या कार्यालयों की छत/आंगन/बालकनी में दाना व पानी का प्रबंध करने का अनुरोध किया गया द्य आज इस अवसर पर राजेश पराते, शुभम साहू, छत्रसिंह बच्छावत, डॉ श्रीमती कमल वर्मा, गोपा शर्मा, उर्मिला देवी, विवेक कुमार मिश्रा, धनेश्वरी साहू, ज्योति शुक्ला, श्रीमती आशीष शुक्ला, मानसी शर्मा, श्रीमती शिवानी मैत्रा,शोभा शर्मा,मिनेश कुमार साहू, लोकनाथ साहू ललकार नूपुर कुमार साहू, हेमलाल पटेल, राजू छत्तीसगढ़िया, डॉ इंद्रदेव यदु,हरिशंकर सोनी सहित राजधानी के प्रबुद्धजन बडी संख्या में उपस्थित रहे द्य वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते ने जानकारी दी है कि मंच द्वारा प्रदेश भर में पूरे ग्रीष्म ऋतु के दौरान सकोरा वितरण का कार्य जारी रखा जायेगा द्य उल्लेखनीय है कि पर्यावरण संरक्षण में पक्षियों की भूमिका महत्वपूर्ण है द्य इनकी कम होती संख्या मानव जीवन को भी प्रभावित करेगी द्य पक्षियों को बचाने के संकल्प के साथ विगत अनेक वर्षो से वक्ता मंच की यह मुहिम जारी है ।

पर्यावरण के प्रति जागरूक प्रत्येक व्यक्ति को पक्षियों के लिये दाना- पानी की व्यवस्था करनी चाहिये द्यकुछ वर्षों पूर्व तक हम घरों के आसपास आसानी से चिड़ियों की चहचहाहट सुन सकते थे । लेकिन यदि आज हमारे आसपास इन चिड़ियों की आवाज सुनाई नही दे रही है तो यह खतरनाक और असुरक्षित पर्यावरण के संकेत है द्य वक्ता मंच द्वारा समस्त प्रदेशवासियों से इस अभियान को सफल बनाने का अनुरोध किया गया है ।

# संविधान रचियता की जयंती पर वृद्धों का किया सम्मान






■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 16 अप्रैल।** भारतीय जनता पार्टी ने भीमराव अम्बेडकर जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया वहीं इस अवसर पर नगर के एससी एसटी समाज के वृद्ध महिलाओं को भीमा देवी सम्मान कार्यक्रम के तहत साड़ी देकर सम्मान किया।

भीमराव अंबेडकर जयंती को भारतीय जनता पार्टी ने धूमधाम से मनाया भाजपा नेता पूर्व मंत्री महेश गागड़ा,संगठन नेता किरण देव और जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने कार्यकर्ताओं के साथ नगर के बस स्टैंड में स्थित बाबा साहब के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। जिसके बाद अटल सदन भाजपा कार्यालय में वृहद सम्मान कार्यक्रम आहूत किया गया था जहां तैल चित्र में पुष्पांजलि के साथ दीप प्रज्वलित कर बाबा साहब को स्मरण किया।

जिला अध्यक्ष श्रीनिवास मुदलियार ने भीमराव अंबेडकर का जीवन परिचय रखा वहीं पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने कहा गरीब शोषित दलित पिछड़ों को सम्मान से जीने का अधिकार दिया। इसलिए समाज सदैव महान संविधान रचियता बाबा साहब के ऋणी रहेगा। वहीं कार्यक्रम के मुख्यवक्ता संगठन नेता किरण देव ने कहा भीमराव अंबेडकर ने अपने समाज से बाहर प्रताड़ित होने के बावजूद भी अपना लोहा मनवाया,समाज के लिए अम्बेडकर आईना है जिसका हर समाज आज अनुसरण करता है। उपस्थित वृद्ध महिलाओं और कार्यक्रताओं को संबोधित करने के बाद नेताओं ने साड़ी देकर सम्मान किया।

## डोडी तुमनार में होमलाइट लगाने के नाम पर 78 लाख रुपए के गबन का आरोप

**बीजापुर, 16 अप्रैल।** जिला में एक बार फिर से जिला पंचायत और जनपद पंचायत द्वारा होम लाइट के नाम पर 78 लाख गबन का आरोप लग रहा है। बताया जा रहा है कि मामला पिछले वित्त वर्ष का जिसका भुगतान भी प्रशासन द्वारा कर दिया गया है। पूरा मामला 1 करोड़ 34 लाख का है। 2 दिन पूर्व ही कांग्रेस के वरिष्ट नेता अजय सिंह ने भी डोडी तुमनार मामले में क्षेत्रीय विधायक की संलिप्तता में होम लाइट के नाम पर कागजों में काम कर अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा 78 लाख गबन करने का आरोप लगाया था।बताया जा रहा है कि बीते वित्त वर्ष में जिले के अति संवेदनशील क्षेत्र डोडी तुमनार में 14वें वित्त से 78 लाख की लागत से गांव को अंधेरे से रोशन करने के लिए होम लाइट लगाया गया था। किंतु आरोप ये लग रहे हैं कि पूरा काम केवल कागजों में हुआ है। गांव में प्रशासन की एक लाइट भी नहीं पहुँच पाई है। मामला उजागर होने पर अब प्रशासन की नींद उखड़ गयी है। वहीं भाजपा नेताओं ने इस पूरे मामले में भ्रस्टाचार का आरोप लगाते हुए 10 दिन के भीतर जांच की मांग की है। नहीं तो उग्र आंदोलन करने की चेतावनी जारी की है।इस मामले में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बीजापुर वार्ड 1 से पार्षद नंद किशोर राणा ने भी प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय विधायक के शह पर अधिकारी और कर्मचारी गरीब आदिवासी भाइयों के पैसों का बंदरबाट कर रहे हैं। बीजापुर जिले में काँग्रेस का राज आते ही भ्रष्टाचार अपने चरम सीमा में पहुँच चुका है। अधिकारी कर्मचारियों के साथ विधायक भी फाइलों में काम कराकर अपनी जेब भरने में लगे हैं। आज मेरी डोडी तुमनार के संदर्भ में जिला पंचायत सीओ रवि साहू जी से बात हुई। उन्होंने कागजों पर हुए काम के आरोप लगने के संदर्भ में कहा कि गांव में लाइट लगाई गई है। और जब हमने फोटो दिखाने कहा तो आना कानी करने लगे। यह प पैसा सरपंच के नाम से निकाला गया, जबकि दिलचस्प बात यह है कि सरपंच ने शपथ ही नहीं लिया है।भारतीय जनता पार्टी गरीब आदिवासी भाइयों के हक के पैसों को अधिकारी और कर्मचारियों को लूटपाट करने नहीं देगी। हमने शासन से कहा है कि 10 दिनों के भीतर जांच कराकर वस्तुस्थिति स्पष्ट करें और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो नहीं तो भाजपा उग्र आंदोलन करेगी।



## विधायक विक्रम मंडावी ने माहरा समाज को दी बड़ी सौगात





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 16 अप्रैल।** बीजापुर के विधायक एवं बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम मंडावी ने शनिवार को ज़िला मुख्यालय बीजापुर में माहरा समाज के सामाजिक भवन निर्माण और बाउंड्रीवॉल निर्माण का भूमि पूजन किया माहरा समाज के लोग लम्बे समय से समाज के लिए सामाजिक भवन की माँग कर रहे थे जिनके माँग को विधायक विक्रम मंडावी ने पूरी करते हुए सामाजिक भवन का भूमि पूजन कर माहरा समाज की लम्बे समय से की जा रही माँग को पूरा कर समाज को एक बड़ी सौग़ात दी है। भूमि पूजन के दौरान माहरा के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे सामाजिक भवन के भूमि पूजन के बाद समाज के लोगों ने विधायक विक्रम मंडावी का आभार व्यक्त किया। विधायक विक्रम मंडावी ने भूमि पूजन के बाद माहरा समाज के लोगों नये भवन निर्माण की बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।माहरा समाज के लोगो को सम्बोधित करते हुए विधायक विक्रम मंडावी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी की मंशा है कि प्रत्येक समाज का अपना एक सामाजिक भवन हो मुख्यमंत्री जी की इसी सोच की आगे बढ़ाते हुए जिले के प्रत्येक समाज को भूमि और सामाजिक भवन के लिए राशि आबंटन कर सर्वसुविधा युक्त सामाजिक भवनों का निर्माण किया जा रहा है जिससे कि वे अपने सामाजिक रीति रिवाज के अनुसार अपने कार्यक्रम कर सकेंगे।इस दौरान ज़िला पंचायत अध्यक्ष शंकर कुडियम, ज़िला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालू राठौर, खाद्य आयोग के सदस्य इम्तियाज़ ख़ान, ज़िला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे, नगर पालिका परिषद बीजापुर के अध्यक्ष बेनहुर रावतिया, माहरा समाज के ज़िला अध्यक्ष घासीराम नाग, पुरुषोत्तम सल्लूर, ज़िला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुखदेव नाग, मंगल राना, सतेश वाचम, संतोष गुप्ता और बब्बू राठी सहित बड़ी संख्या में माहरा समाज के लोग उपस्थित थे।

### जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव ने करेली बड़ी और हसदा में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का किया अवलोकन

**धमतरी, 16 अप्रैल ।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 01 अप्रैल से धमतरी जिले में निवासरत परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है।

इसी कड़ी में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती रोक्तिमा यादव ने ग्राम करेली बड़ी और हसदा में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को गंभीरता से सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए और ऑनलाइन से सही-सही जानकारी भरने के लिए कहा है।

उन्होंने इस दौरान 20 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य को पूर्ण करने सुपरवाइजर एवं प्रगणक को निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रगणक एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

## केसीसी में फर्जीवाड़ा करने वाले प्रबंधक कुलदीप विश्वकर्मा के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**राजनांदगांव 16 अप्रैल ।** डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम पिनकापार निवासी प्रार्थी श्री गौचंद एवं ग्राम धनडोंगरी निवासी गुलाब, बेलदार, बेदूराम, श्री सेवाराम, शत्रुहन, पीलूराम तथा ग्राम पिनकापार निवासी मुकुंद, नंदकुमार, दयालाल व ग्राम मुड़पार निवासी श्री गणपत, मेढ़ा निवासी श्री रतन, ग्राम धनडोंगरी निवासी श्री धुनु, ग्राम धनडोंगरी निवासी श्री शत्रुहन कंवर, ग्राम धनडोंगरी निवासी श्री सालिक कुमार द्वारा थाना डोंगरगढ में देर रात शिकायत करने पर सेवा सहकारी समिति मर्यादित मेढ़ा के श्री कुलदीप विश्वकर्मा के विरूद्ध धोखाधड़ी के मामलों में करते हुये भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 एवं 409 के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किया गया। संस्था व बैंक द्वारा दी गई जानकारी अनुसार समिति कार्यक्षेत्र के ग्रामों के किसानों के साथ ऋण वितरण में गड़बड़ी समिति प्रबंधक द्वारा की गई है। प्रारंभिक जांच में किसानों को फर्जी तरीके से वितरण ऋण, किसानों से ऋण वसूली किया जाना बाकी है। किसानों द्वारा थाने मे बयान दर्ज कराया गया है कि यह ऋण उन्होंने लिया ही नहीं है ।मृतक कृषक पुत्र श्री आनंद राम कंवर के पिता श्री भागीरथी कंवर समिति कार्यक्षेत्र के ग्राम खल्लारी के निवासी हैं। इनके द्वारा भी समिति से ऋण लिया जाता रहा है। इस किसान ने वर्ष 2020 में समिति से 2 लाख 50 हजार रूपए ऋण लिया था। जिसकी वसूली के लिए समिति अथवा बैंक शाखा द्वारा कोई मांगपत्र जारी नहीं किया गया था। समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ था कि ऋण वसूली की प्रताडऩा से किसान द्वारा आत्महत्या की गई है। जबकि वसूली हेतु कोई प्रताडऩा समिति अथवा बैंक शाखा द्वारा नहीं किया गया। आत्महत्या के कारणों को जानने के लिए थाना डोंगरगढ़ द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।आरोपी कुलदीप विश्वकर्मा के विरूद्ध प्राप्त शिकायत की जांच की गई। जांच में दोषी पाये जाने पर 12 अप्रैल 2023 को समिति के कर्मचारी सेवा नियम के तहत तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। समिति प्रबंधक द्वारा की गई गड़बड़ी की जांच के लिए सहकारिता विभाग द्वारा विशेष अंकेक्षण कार्य किया जा रहा है। अंकेक्षण प्रतिवेदन में गड़बड़ी पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी। फिलहाल थाना डोंगरगढ में एफआईआर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है। समिति कार्यक्षेत्र के अन्य किसान जिनके साथ इस प्रकार की धोखाधड़ी हुई हो तो, वे थाना डोंगरगढ़ में जाकर अपनी शिकायत लिखवा सकते हैं। जल्द ही खेतों में बुआई एवं खेती किसानी करने का समय आ जायेगा। ऐसी स्थिति में किसानों को खाद, बीज एवं ऋण की आवश्यकता होगी। जिन किसानों का ऋण भुगतान नहीं हुआ है।

## मुख्यमंत्री की भेट मुलाकात कार्यक्रम सुरगी में एक सप्ताह में हल्दी सुरगी कुम्हालोरी मार्ग नवनिर्माण कराने की घोषणा अब भी अधूरी

**राजनांदगांव।** जिला मुख्यालय से बालोद जिला को जोड़ने वाली मुख्य मार्ग हल्दी से कुम्हालोरी (सुरगी) मार्ग की हालत बदहाल ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। राजनांदगांव से सूरगी कुम्हालोरी की दूरी लगभग 15 किलोमीटर है। उससे आगे बालोद जिला आरंभ हो जाता है। हल्दी से सुरगी कुम्हालोरी तक का लगभग 10 किलोमीटर की सड़क पर धूल डस्ट और गड्ढों से राहगीर अपनी जान जोखिम में डालकर आवाजाही करते हैं। हल्दी से डोडिया ,भोडिया, भोथीपार खुर्द, नया पुराना ,राजाराम फैक्ट्री धामनसरा ,मलपुरी, मुड़पार, उसरीबोड़, सुरगी कुम्हालोरी बेल टिकरी , आरला,मोखला ,बुचीभरदा, कोटरा भांठा सहित क्षेत्रवासियों को ग्रामीणों को जिला मुख्यालय लगभग प्रतिदिन आना जाना होता है ,और कृषि महाविद्यालय सुरगी कृषि अनुसंधान केंद्र सुरगी छात्र-छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सरकारी हॉस्पिटल में



कार्यरत अधिकारी कर्मचारी सहित क्षेत्र की जनता इसी मार्ग से आवा जाही करते है।आदर्श ग्राम सुरगी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह का गोद ग्राम थाआदर्श ग्राम सुरगी राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र का मुख्य बड़ा ग्राम है ,यह ग्राम आसपास के ग्रामों का मुख्य ग्राम होने के साथ-साथ मुख्य मार्ग पर स्थित है और यह ग्राम पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह व राजनांदगांव विधायक डॉ रमन सिंह का गोद ग्राम था। सत्ता सरकार में सुरगी गोद ग्राम की चर्चा पूरे छत्तीसगढ़ में होता था लेकिन सत्ता सरकार जाते ही ना ही सत्ताधारी ध्यान दे रहे हैं और ना ही इस क्षेत्र के विधायक इस सड़क के लिए कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।सत्ताधारी सरकार भूपेश बघेल की घोषणा सिर्फ घोषणा ही रह गई और विपक्ष सिर्फ फॉरमिलिटी निभा कर घर में दुबक गएबीते कुछ माह पूर्व छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आगमन भेंट मुलाकात कार्यक्रम मे आदर्श सुरगी ग्राम में हुआ था जिसमें माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस सड़क को नया निर्माण की घोषणा की गई थी लेकिन उसकी घोषणा सिर्फ घोषणाओं में ही रह गया है ,लोगों को मिल रही है सिर्फ धूल, डस्ट और गड्ढों से परेशानी।भारतीय जनता पार्टी एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने इस सड़क पर पदयात्रा निकालकर उन्होंने भी अपनी सिर्फ फॉरमिलिटी ही निभा दी पदयात्रा निकालकर सिर्फ फॉरमिलिटी ही निभा कर अपने घरों में दुबक गए। समस्या जस का तस बना हुआ है।हाइवा रेत से भरी वाहनों ने उजाड़ी सड़क की दुर्दशा रेत से भरी हाईवा का होता है इस मार्ग से गुजरना प्रतिदिन सैकड़ों ट्रिप रेत धमतरी जिले से बालोद होते हुए राजनांदगांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों में रेत से भरी हाईवा से होता इसी सड़क पर आवागमन प्रतिदिन जिससे सुबह सुबह सैकड़ों ट्रिप रेत की गाड़ियां लगातार धड़ल्ले से आवागमन करता है जिससे रोड की परखच्चे उड़ चुके हैं इस रोड पर चलना बहुत ही दुखदाई एवं कष्टप्रद हो गया है लोग इस रोड पर चलने से हिचकने लगे हैं और रात्रि में तो आवागमन करना बहुत ही और दुष्कर हो गया। एक गड्ढा से बचे तो दूसरा गड्ढा मे जाना ही पड़ता है।

## समाचार संक्षेप

### जंगलवार, युद्ध कला और कौशल पुस्तक का विमोचन



**बीजापुर, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर के नक्सल प्रभावित क्षेत्रो में कार्यरत सुरक्षा बलों के बेहतर प्रशिक्षण और उन्नयन के लिये जिला पुलिस बल बीजापुर द्वारा जंगलवार युद्ध कला एवं कौशल÷ नामक पुस्तक का निर्माण किया गया है । इस पुस्तक में क्षेत्र कौशल, टैक्टिक्स, मैप रीडिंग, हथियारों की हैंडलिंग, आई.ई.डी. एवं गुरिल्ला युद्ध कला इत्यादि विषयों पर सरल एवं सचित्र जानकारी दी गई है । इस पुस्तक का लाभ न केवल जिला बल के जवानों को प्राप्त होगा अपितु केन्द्र एवं राज्य के अन्य सुरक्षा बलों के लिये भी लाभदायक होगा ।इस पुस्तक को तैयार करने में श्री जितेन्द्र चन्द्रवंशी (उप पुलिस अधीक्षक, ऑप्स/डीआरजी कुटरू, बीजापुर), श्री सुदीप सरकार (उप पुलिस अधीक्षक, ऑप्स बीजापुर), श्री शशांक सिंह राजपूत, (उनि, जिला रायपुर) और विजय यालम, (आरक्षक, जिला बीजापुर) एवं उनकी पूरी टीम द्वारा बेहतर प्रयास कर सभी बिन्दुओ का समावेश किया गया है । आज दिनांक 15/04/2023 को 15वी (भारत/रक्षित)छसबल वाहिनी धनोरा में बस्तर फाइटर्स के दीक्षांत समारोह के दौरान इस पुस्तक का विमोचन किया गया । इस अवसर पर पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज श्री पी0सुंदर राज, पुलिस उप महानिरीक्षक छसबल दक्षिण रेंज बस्तर जगदलपुर श्री बी0एस0ध्रूव, पुलिस उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ा श्री कमलोचन कश्यप, उप महानिरीक्षक केरिपु बल बीजापुर सेक्टर श्री एस0के0 मिश्रा, कमांडेंट 229वी वाहिनी केरिपु बल श्री पुष्पेन्द्र सिंह, कमांडेंट 15वी वाहिनी छसबल श्री भोजराम पटेल, पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव श्री दिव्यांग पटेल, पुलिस अधीक्षक बीजापुर श्री आंजनेय वार्ष्णेय एवं अन्य अधिकारी /कर्मचारी एवं प्रशिक्षु जवान उपस्थित रहे ।

### हाईस्कूल व बालक आश्रम में सरपंच ने कराया बोर खनन



**गीदम, 16 अप्रैल।** जिले के ग्राम कारली स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं बालक आश्रम में पानी की समस्या को देखते हुए ग्राम सरपंच उमेश कश्यप ने बोर खनन का कार्य करवाया जिससे अब लोगो को पानी की समस्या से निजात मिलेगी । गौरतलब है कि कई महीनों से स्कूल के विद्यार्थियों को पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा था ऐसे में सरपँच ने आज यहां बोर खनन का कार्य करवाते हुए समस्या का समाधान करवाया । सरपँच उमेश कश्यप ने बताया कि लोगो ने काफी समय से यहां बोर की मांग की थी जिसके बाद यह कार्य करवाया गया । वही बोर खनन को लेकर लोगो ने ग्राम सरपँच को धन्यवाद भी ज्ञापित किया।

### युवा सम्मेलन में योजनाओं की जानकारी दी



**तिल्दा नेवरा,16 अप्रैल।** आज ग्राम चाम्पा, मोहगांव, कोटा, खपरी जैसे आसपास के दस गाँव का युवा सम्मेलन रखा गया था जिसमे मुख्यमंत्री जी के योजनाओं के बारे मे युवाओं को बताया गया जिसमे प्रमुख रूप से राज्यसभा के पूर्व सांसद छाया वर्मा के प्रतिनिधि रवि वर्मा, शशिकांत वर्मा विधानसभा युवा कांग्रेस महासचिव रजत कश्यप, विधानसभा अध्यक्ष गजानंद साहू, विधानसभा उपाध्यक्ष प्रमोद वर्मा,देवकुमार वर्माजी नविन वर्मा, सुरेश कुमार वर्मा चांपा, डिगेश्वर यदुप्रेनारायण साहू, सरपंच शेखर पानसे, रमेश गेंडरे, प्रशांत गुप्ता सेवादल जिला कोषाध्यक्ष राजेश वर्मा उपसरपंच, शीतल वर्मा, दुर्गेश यादव,लक्ष्मीनारायण वर्मा चाम्पा,एवम कांग्रेस के सभी साथिजन उपस्थित थे।

### कथावाचक ने सुनाई राजा हरिशचंद्र की कथा



**अंवरी,16 अप्रैल।** ग्राम बंजारी में आयोजित श्रीमद भागवतमहापुराण ज्ञानयज्ञ में पंचम दिवस में कथावाचक सुरेश नारायण बघेल ने राजा हरीश्चंद्र के बारे में बताते हुए कहा कि, एक बार उन्होंने सपने में महर्षि विश्वामित्र को अपना सारा राज्य दान में देते हुए देखा. लेकिन अगले दिन जब वे सुबह जागे तो सपने को भूल गए थे. महर्षि विश्वामित्र महल में आए और राजा हरिश्चंद्र तो उनका सपना याद दिलाया. इसके बाद राजा ने खुशी-खुशी अपना राज्य उन्हें दान में दे दिया. लेकिन दान के बाद दक्षिणा की बारी आई तो वे बोले, पहले ही सब कुछ मैंने दान कर दिया अब अब दक्षिणा के लिए धन कहां से लाऊं बहुत विचार कने के बाद राजा हरिश्चंद्र ने खुद को बेचने का फैसला किया और काशी की ओर चल पड़े. इधर रानी तारामती और पुत्र रोहिताश्व को एक व्यक्ति ने खरीद लिया. उधर राजा हरिश्चंद्र को श्मशान के एक स्वामी ने खरीद लिया.हरिश्चंद्र की पत्नी उस व्यक्ति के घर पर बर्तन मांजने और चौका-चूल्हा का काम करने लगी. वहीं कभी सिंहासन पर बैठने वाले राजा हरिश्चंद्र श्मशान का काम करने लगे। एक दिन राजा के पुत्र रोहिताश्व को सांप ने डंस लिया, जिससे उसकी मौत हो गई. लेकिन तारामती के पास कफन तक के पैसे नहीं थे. तारामती किसी तरह दुखी मन से पुत्र के शव को गोद में उठाकर शमशान पहुंची. लेकिन श्मशान पहुंचते ही हरिश्चंद्र तारामती से श्मशान का कर मांगने लगे.क्योंकि श्मशाम का कर लेना नियम था और वो अपने मालिक की आज्ञा का पालन कर रहे थे.

राजा हरिश्चंद्र पत्नी से बोले कि, श्मशान का कर तो देना ही पड़ेगा. फिर हरिश्चंद्र ने पत्नी से कहा कि यदि तुम्हारे पास कर देने के लिए धन नहीं है तो अपनी साड़ी का कुछ भाग फाड़कर दे दो. उसे ही कर के रूप में रख लूंगा.लाचार होकर जैसे ही तारामती ने अपनी साड़ी फाड़ना शुरू किया उसी समय तेज गर्जन हुआ और विश्वामित्र प्रकट हो गए. विश्वामित्र बोले- हे राजा!

तुम धन्य हो. ये सब तुम्हारी परीक्षा हो रही थी, जिसमें तुमने यह सिद्ध कर दिया कि तुम श्रेष्ठ, दानवीर, सत्यवादी और धार्मिक हो.इसके बाद पुत्र रोहिताश्व भी जीवित हो उठा और राजा को उसका पूजा राज्य भी लौटा दिया गया. इतना ही नहीं महर्षि विश्वामित्र ने कहा कि, संसार में जब भी धर्म, दान और सत्य की बात की जाएगी, राजा हरिश्चंद्र का नाम आदर-सम्मान के साथ सबसे पहले लिया जाएगा।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र का बंधन समाप्त

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के कॉलेजों में प्रवेश लेने की उम्र की सीमा समाप्त किए जाने से पढ़ने के इच्छुक लोगों को पढ़ाई का फिर से मौका मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए नए कॉलेज प्रारंभ किए जा रहे हैं। साथ ही कॉलेजों में विभिन्न विषयों के नए-नए संकाय प्रारंभ किए जा रहे हैं। राज्य के कॉलेजों में लड़कियों के प्रवेश लेने की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। यह छत्तीसगढ़ के लिए शुभ संकेत है, आने वाले दिनों में महिलाओं को सशक्त होने का मौका मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और उच्च शिक्षा मंत्री श्री उमेश पटेल की पहल पर उच्च शिक्षा के विस्तार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नैक के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों के अनुरूप शैक्षणिक अधोसंरचना एवं अकादमिक स्तर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मिशन मोड पर नैक से संबद्धता प्राप्त करने का अभियान प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नैक से मूल्यांकित कॉलेजों की संख्या 192 हो गई है। सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि कॉलेज में प्रवेश लेने वालों छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। जहां 2018-19 में करीब 2 लाख 26 हजार 373 छात्रों ने कॉलेज में प्रवेश लिया वहीं यह संख्या वर्ष 2022-23 में 48 प्रतिशत बढ़कर 3 लाख 35 हजार 139 हो गई है। जो कि 2018-19 की तुलना में एक लाख 8 हजार 766 अधिक है। कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विगत 4 वर्षों में कुल 33 नवीन शासकीय एवं 76 अशासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई है। छत्तीसगढ़ में 285 शासकीय महाविद्यालय, 12 अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय एवं 252 अनुदान अप्राप्त अशासकीय महाविद्यालय संचालित हैं। उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 09 राजकीय एवं 15 निजी विश्वविद्यालय संचालित है।बिलासपुर से रायगढ़ की दूरी को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। शैक्षणिक स्तर को ऊँचा करने के उद्देश्य से प्रदेश में शासकीय महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक के कुल 27 विषयों पर 1384 रिक्त पदों के लिए भर्ती जारी की गई थी, जिसमें से 1167 अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं। इसके अलावा ग्रंथपाल, क्रीड़ा अधिकारियों सहित अन्य शैक्षणिक और अशैक्षणिक पदों पर भी भर्ती की गई है।उच्च शिक्षा में लड़कियों को प्रोत्साहन देने के लिए 26 कन्या महाविद्यालय का संचालन किया जा रहा है। अन्य महाविद्यालय में सह-अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। वर्ष 2018-19 में जहां 91,982 छात्रों की तुलना में 1,34,391 छात्राओं ने कॉलेज में एडमिशन लिया।

# बाबा साहेब ने समाज से भेदभाव दूर किया:प्रकाश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**महासमुंद, 16 अप्रैल।** ग्राम पंचायत भोरिंग में जय भीम जन सेवा समिति व समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में भारतरत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर की 132 वीं जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर रहे। अध्यक्षता नगर पंचायत तुमगांव अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य राजू बाघमारे, डॉ. उदेराम साहू, पार्षद संदीप घोष, प्रेम चंद्राकर, श्याम साकरकर, गोपाल चंद्राकर, डोमन पटेल, ओसराम ढीढी, तुलसी राम साहू, झाडूराम साहू, मोहित मन्नाडे उपस्थित रहे। सर्वप्रथम ग्राम भोरिंग स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने पुष्प हार अर्पित कर उनका स्मरण किया। पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्राकर ने कहा कि समाज में भेदभाव चरम पर था, जात-पात, ऊंच-नीच का भाव भारत की पहचान बन गई थी, ऐसे समय में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने सभी को समानता का अधिकार देने, समाज में भेदभाव दूर करने का कार्य किया। बाबा साहेब में सहनशीलता कूट-कूट कर भरी थी, उन्होंने विषम परिस्थितियों का सामना किया। तिरस्कार का दंश झेला। हर समस्या का सामना करते हुए उन्होंने उच्च शिक्षा हासिल कर देश का संविधान बनाया। आज उसी संविधान के बदौलत हम सबको बोलने का अधिकार मिला। नपं अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ा संविधान भारत का है, बाबा साहेब का हम ऋणी हैं। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों को बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत बताई। जिला कार्यसमिति सदस्य राजू बाघमारे, डॉ. उदेराम साहू, संदीप घोष ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जय भीम सेवा समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि भोरिंग स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल का सौंदर्यीकरण व सीसी रोड के लिए पूर्व पालिका अध्यक्ष चंद्राकर के प्रयास से 3 लाख रुपए की स्वीकृति पर चंद्राकर व सरपंच उषा राजेश साहू का आभार व्यक्त किया। चंद्राकर व समस्त अतिथियों को जय भीम जन सेवा समिति की ओर से सम्मान पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में डोमार पटेल, गंगा निषाद, विनोद गहरवाल, भुनेश्वर साहू, ईश्वर पटेल, जय भीम सेवा समिति के अध्यक्ष सरोज कुमार, उपाध्यक्ष समीर कुमार, सचिव रवि कुमार, कोषाध्यक्ष शैलू, सहसचिव भावेश, दीक्षांत, अखिलेश, यश कुमार, गजेंद्र, समीर, विकास, आकाशा, नितिन, कु. स्मिता, गायत्री, चांदनी, निर्मला, मीना, मंगसिन, सुकदेव चतुर्वेदी, जगदीश, मोहित मन्नाडे, सालिक आवड़े, चंद्रमणि आवड़े, दिलीप बघेल, रियाज, अरनव सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंती पर निकली शोभायात्रा

**पत्थलगांव, 16 अप्रैल।** भारत के संविधान निर्माता भीमराव अंबेडकर की जयंति पर यहा सतनामी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गयी। नीले परिधान मे सतनामी समाज के लोग शोभा यात्रा की अगुवाई कर रहे थे,तीनो प्रमुख मार्गो का शोभायात्रा ने भ्रमण किया। इस दौरान सतनामी समाज के युवको ने नाच गाना के साथ शोभायात्रा को और भव्य बनाया। यहा के इंदिरा चौक के करीब घंटो तक



आतिशबाजी भी की गयी,दिन शुक्रवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंति बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनायी गयी। सतनामी समाज के युवको द्वारा शोभायात्रा से पूर्व बाईक रैली का भी आयोजन किये थे। जय भीम,जय अंबेडकर के नारो से आसमान गुंजयमान हो रहा था। यहा के अंबिकापुर रोड स्थित अंबेडकरनगर मे सुबह से ही जयंति की तैयारियां चल रही थी,समाज के वरिष्ठो द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने मे कोई कसर नही छोड रखी थी। ग्राम पंचायत कुमेकेला मे जय भीम युवा समिती द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर चौक का अनावरण किया गया। संतराम कुर्रे,कालेश्वर सक्सेना,राज सक्सेना,राजु मोहनकुर्रे,पवन,अशोक,घनश्याम,लखन,कपिल,मनमोहन,सतीश,मनोज,नंदु,विक्रम ने चौक के तैयार होने से लेकर उसके अनावरण तक काफी तैयारियां की थी। दिन शुक्रवार को सतनामी समाज से हर वर्ग के लोगो ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंति बडे ही हर्षोउल्लास के साथ मनायी।

## बाबा साहेब की जयंती पर वक्ताओं ने संविधान के महत्व को बताया



**महासमुंद, 16 अप्रैल।** स्थानीय वृंदावन विद्यालय इग्लिश मीडियम हाई स्कूल में संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, प्राचार्य टी वनिता, उपप्राचार्य इन्दु मिश्रा के मार्गदर्शन में भारत के संविधान निर्माता डा. भीमराव अंम्बेडकर की जयंती पर बाबा साहेब के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर, तिलक लगाकर मात्यार्पण कर बाबा साहेब के जीवन के संघर्षों, उद्देश्यों, जन-जन को संगठित रहने और छुआछुत जैसे आडंम्बरों से बाहर निकालने वाले सकारात्मक पहलुओं को याद कर भारत रत्न से सम्मानित अम्बेडकर की जयंती मनाई गई।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका सविता ढ़ीढ़ी द्वारा अम्बेडकर के कार्यों का वर्णन किया गया। संस्था की प्राचार्य टी वनिता द्वारा बाबा साहेब द्वारा देश में और समाज में लाई गई क्रांति के विषय में विचार व्यक्त किया गया। संस्था की संचालिका सुजाता विश्वनाथन द्वारा बाबा साहेब के सम्पुर्ण जीवन के संघर्षो को बताते हुए, संविधान के र्निमाता अम्बेडकर को जयंती पर नमन करते हुए संविधान का महत्व बताया गया। संस्था के संचालक एमआर विश्वनाथन द्वारा अम्बेडकर के प्रयासों को सफल बनाने के लिए जात-पात, ऊॅच-नीच, छोटा- बडा, छुआ-छुत जैसे अडंम्बरों व नकारात्मक रहने को सिख दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं विजय लक्ष्मी राव, उर्मिला अग्निहोत्री, टी वनिता राव, साधना राठौर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, इंदु मिश्रा, वर्षा चन्द्रकार, शुभ्रा अग्रवाल, सविता ढीढी, अमृता चन्द्राकर, ललिता राजपूत, दामिनी वैष्णव, काजल ठाकुर, प्रीति साहू, रितिका साहू, चंद्राकर, लक्ष्मीनारायण साहू सभी का योगदान रहा।

## समाचार संक्षेप

### जिरमपाल से गोंदपल्ली मार्ग लोकार्पित



**सुकमा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम पंचायत कोणडरे में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जिरमपाल से ग्राम पंचायत गोंदपल्ली का कैबिनेट मंत्री व क्षेत्र के विधायक कवासी लखमा जी के द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। इसके पश्चात गोंद पल्ली में आश्रम निर्माण स्थल का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी ली। मंत्री जी दौरा के दौरान खासपारा में पहुँचे जंहा औचक निरीक्षण करते हुए आंगनबाड़ी केंद्र में पहुँच व्यवस्था के बारे में जानकारी ली साथ ही बच्चों को स्वयं खाना परोसने लगे।इसके साथ ही कुछ दूरी में स्थित माध्यमिक शाला गोंदपल्ली में निरीक्षण करते दिखे जंहा शिक्षकों से माननीय मंत्री जी ने जायजा लिया।

### ग्राम पंचायत कोर्रा के धुरवारास में शराब के नशे में एक ही खानदान के दो परिवारों के मध्य हुआ विवाद



**सुकमा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 14/4/2023 को थाना गादीरास क्षेत्र के धुरवा पारा में रात्रि 8 बजे के आसपास अम्बेडकर जयंती मना कर गए एक ही खानदान के दो परिवारों के मध्य जो शराब के नशे में थे जमीन फसल व पारिवारिक कलह के कारण विवाद होने पर एक परिवार ने दूसरे के साथ मारपीट की और उनके घरों को आग से नुकसान पहुचाने की कोशिश की है।इस सूचना पर तत्काल मौके पर पुलिस अधीक्षक सुकमा के निर्देश पर एस डी एम सुकमा, तहसीलदार गादीरास , ह्यस्त्रश्च सुकमा व ह्द्ध गादीरास पुलिस बल के साथ पहुँच कर घटना में घायल हिड़मा सोढ़ी और सोढ़ी बीजा को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाये, घर की आग को बुझाया गया है और घटना में शामिल 04 आरोपी सोढ़ी कोशा,सोढी सुला,सोढी मंगडू और सोढ़ी सोमडा को अभिरक्षा में ले लिया गया है।थाना गादीरास में अपराध पंजीबद्ध किया गया है और घटना में शामिल अन्य आरोपियों के संबंध में विवेचना की जा रही है।

### सैनिक विश्राम गृह का लोकार्पण 17 अप्रैल को

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** आयुक्त नगर पालिक निगम के सहयोग से एक सामुदायिक केन्द्र भवन, दीनदयालपुरम, फेज-2 रायगढ़ (गुरू द्रोण स्कूल के पास)में एक सैनिक विश्राम गृह बनाया गया है। जिसका लोकार्पण 17 अप्रैल 2023 को निदेशक, राज्य सैनिक बोर्ड के द्वारा किया जाएगा। लोकार्पण समारोह उपरांत भूतपूर्व सैनिकों का सम्मेलन भी होगा। उक्त जानकारी कर्नल आशीष पाण्डेय (से.नि.)जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, रायगढ़ ने दी है।

# चुनौतियों को स्वीकार करने वाले को ही मिलती है सफलता:कलेक्टर






**रायगढ़, 16 अप्रैल।** कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा-निर्देशन एवं जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा के कुशल नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आज नगर निगम ऑडिटोरियम में कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां आगे क्या करें, अपने लक्ष्य का क्या निर्धारण करें, ऐसे अननिगत सवाल लेकर जिले के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के सैकड़ों बच्चे ऑडिटोरियम पहुंचे थे। इन बच्चों के साथ अपने अनुभव बांटने के लिए कलेक्टर और एसपी के साथ जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस और एसएएस ऑफिसर्स उपस्थित थे, जिन्होंने इन परीक्षाओं में न सिर्फ टॉप रैंक के साथ सफलता अर्जित की है बल्कि आज वे जिले में जिम्मेदार ओहदों पर हैं।

कैरियर गाईडेंस सेमिनार को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि यह व्यक्ति पर निर्भर करता है कि वह किस क्षेत्र को अपने कैरियर के लिए चुनता है। सिविल सर्विसेस, व्यापार, एग्रीकल्चर या कोई अन्य क्षेत्र। समाज व देश के हित में सभी का अपना महत्व है, कोई काम बड़ा या छोटा नहीं है। बात होती है कि उसे कितनी लगन या मेहनत से हम करें, यह सबसे महत्वपूर्ण होता है। पढ़ाई पूरी करने के बाद जो कैरियर बनाने के बहुत से विकल्प मिलते हैं, लेकिन सफलता उन्ही को मिलती है जो अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते हैं। कठिन परिश्रम व सच्ची लगन के साथ जब कोई आगे बढ़ता है तो उसे सफलता अवश्य मिलती है। क्योंकि लगातार प्रयास करने से पत्थर पर भी निशान पड़ जाते है। मेहनत किसी भी कठिनाई को दूर कर सकती है। उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को महाभारत के धनुषधारी अर्जुन की कहानी बताते हुए कहा कि वे अपने लक्ष्य को लेकर इतने एकाग्र थे कि उन्हें सिर्फ चिड़िया की आंख दिखाई दी। यदि आपको भी अपने जीवन में सफलता प्राप्त करना है तो चिड़िया की आंख की तरह अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए मेहनत करेंगे तो निश्चित ही सफलता मिलेगी। किसी भी युद्ध को जीतने के लिए रणनीति की जरूरत होती है, उसी प्रकार किसी भी परीक्षा की तैयारी करने के लिए आपको अच्छा मार्गदर्शन चुनना होगा और आगे बढ़ना होगा।

पुलिस अधीक्षक श्री सदानंद कुमार ने भी बच्चों को मोटिवेट करते हुए अपने लक्ष्य निर्धारण के बारे में बताया। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में हर सफलता को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत और एकाग्रता ही मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि नियमित पढ़ाई के बाद जब अपना कैरियर चुनने का समय आए तब आपके मन और इच्छा के अनुरूप ही आगे की पढ़ाई करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों के मन में उठ रहे कई सवालों के भी जवाब दिए। बातों ही बातों में उन्होंने अपने बचपन से लेकर अभी तक के सफर को एक कहानी के रूप में बताया। कैसे एक मिडल क्लास का बच्चा पढ़ाई करके इस मुकाम तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि कभी भी दबाव में आकर कैरियर नहीं चुनना चाहिए। सीईओ श्री अबिनाश मिश्रा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को सफल होने के लिए परम्परागत तरीकों से रटकर पढ़ने की बजाए व्यवहारिक सोच के साथ अध्ययन करने की आवश्यकता है। इससे विषय की समझ बढ़ेगी और परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षा में दूसरों से आगे निकलकर अच्छे रैंक लाने पर सफलता मिलती है। इसके लिए जरूरी है परीक्षा के सिलेबस को समझ कर गहराई से सटीक रणनीति के साथ उसकी तैयारी करना अहम होता है। इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी बच्चों को स्कूल ऑफ रायगढ़ यू-ट्यूब पेज के बारे में बताया जिनमें सभी बच्चों के लिए विडियोज अपलोड किए गए हैं जिससे वे अपने झिझक को दूर कर सकें और वे आगे अपने कैरियर निर्धारण के बारे में जान सके। युवा आईपीएस श्री उदित पुष्कर ने कहा कि पढ़ाई के दौरान अगर गलतियां होती है तो उससे भागे नहीं बल्कि उस गलती को सुधारे। आगे सफलता जरूरी मिलेगी। उन्होंने कहा कि सिविल सर्विसेज की परीक्षा पूरे देश में सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। हजारों लाखों युवा हर साल परीक्षा में शामिल होते हैं। लेकिन कुछ लोग ही सफलता के शिखर तक पहुंच पाते हैं। इसके पीछे उनकी कड़ी मेहनत तो होती ही है, पर परीक्षा के लिए तैयार की गई उनकी रणनीति सफलता में खास भूमिका निभाती है। एसडीएम श्री गगन शर्मा ने कहा कि आपको फैसला खुद को लेना है कि आपको क्या करना है। उसके लिए आपको बेस्ट देना होगा। अगर आप किसी भी कॉम्पीटिशन परीक्षा में फैल हो जाते है तो निराश मत होईये, बल्कि उसके बारे में गहन अध्ययन करें, आखिर हमसें कहां चूक हुई और हम फेल कैसे हो गये। अगर आप उस बीच की गलतियों को सुधार लेंगे तो आगे सफलता अवश्य मिलेगी। इस दौरान उन्होंने अपने कैरियर में अभी जिस मुकाम तक पहुंचे उसे उपस्थित बच्चों को बताया। उन्होंने कहा कि जिले में तैनात भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के अधिकारियों के साथ राज्य लोक सेवा आयोग के अफसरों ने परीक्षा में टाइम मैनेजमेंट, प्रेशर मैनेजमेंट, सिलेबस को प्रभावी तरीके से कवर करना, स्कोरिंग आंसर लिखना जैसे पहलुओं पर कैसे काम किया जाए इन सब पर भी बात की। साथ ही बच्चों के सवालों के जवाब भी दिए। इस अवसर पर एडिशनल एसपी श्री संजय महादेवा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, डीएमसी श्री नरेन्द्र चौधरी, श्री आलोक स्वर्णकार, सहयोग एकडेमी के संचालक श्री अबरार हुसैन, श्री राजेन्द्र कलेत, श्री आशीष गोयल उपस्थित रहे। इस दौरान कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्राचार्य श्री राजेश डेनियल ने किया।

### टॉप ऑफिसर्स देंगे सिविल सर्विसेज में सफलता के सूत्र

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** सिविल सर्विसेज की तैयारी कैसे करनी चाहिए, कब से तैयारी शुरू करें, कौन सी किताबें पढ़ें, परीक्षा में अच्छे अंक कैसे स्कोर करें, प्री, मेंस और इंटरव्यू की तैयारी के वक्त किन खास बातों का ख्याल रखें। ऐसे कई अनगिनत सवाल हर उस परीक्षार्थी के अंदर होते हैं जो या तो सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं या करने की सोच रहे हैं। इन्हीं सवालों के जवाब अब 15 अप्रैल को नगर निगम ऑडिटोरियम, पंजरी प्लांट में आयोजित होने वाले कैरियर गाइडेंस सेमिनार में मिलेंगे। जहां जिले में तैनात आईएएस, आईपीएस और एसएएस ऑफिसर्स से जिन्होंने इन परीक्षाओं में न सिर्फ टॉप रैंक के साथ सफलता अर्जित की है बल्कि आज जिले में जिम्मेदार ओहदों पर हैं। सिविल सर्विसेज की परीक्षा पूरे देश में सबसे कठिन परीक्षाओं में से एक मानी जाती है। हजारों लाखों युवा हर साल परीक्षा में शामिल होते हैं। लेकिन कुछ लोग ही सफलता के शिखर के पहुंच पाते हैं।

*मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना*

# 534 किसानों की भूमि पर लगेंगे 2.83 लाख वाणिज्यिक प्रजातियों के पौधे

**महासमुंद, 16 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ सरकार की नई महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना शुरू की गयी है। इसका 21 मार्च, 2023 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय कक्ष से राज्य के सभी 33 जिलों के 42 स्थानों में राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी 'मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना'का वर्चुअल शुभारंभ किया। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में वाणिज्यिक वृक्षारोपण को बढ़ावा देकर किसानों की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

वन मंडलाधिकारी पंकज राजपूत ने बताया कि नई मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत महासमुंद जिले के कुल 534 किसानों द्वारा रकबा 576.410 एकड़ में 2,82,952 पौधा लगाने हेतु दिये गये सहमति दी है। योजना के शुभारंभ दिन 21 मार्च 2023 को विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर कुल लक्ष्य में से सिंचित स्थलों में 27 किसानों के 26.790 एकड़ भूमि पर मिलिया डुबिया, टिशु कल्चर बांस, टिशु कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, चंदन एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी 8384 पौधे रोपित किये गये हैं।



जिला मुख्यालय से सटे गांव लभराखुर्द के किसान महेश चन्द्राकर ने अपने एक एकड़ भूमि पर 250 टिश्यू कल्चर सागौन के पौधे लगाए हैं। उन्होंने बताया कि 12 वर्ष के बाद 26 लाख 11 हजार रुपए की आमदनी होगी। इससे पहले उन्होंने बांस लगाया था, जिन्हें स्थानीय किसान और घर निर्माण आदि के लिए राजमिस्त्री को बेचा। जिससे उन्हें लाभ हुआ। उनका इरादा अब बाकि जमीन पर भी सरकारी योजना के तहत वृक्ष लगाना है। ताकि उन्हें ज्यादा मुनाफा हो। किसान श्री चंद्राकर ने बताया कि खरीफ वर्ष 2022-23 में 7 एकड़ में धान की फसल लिया था। 150 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर बेचा। अब वे अपनी भूमि पर वाणिज्यिक वृक्ष लगाने की पूरी योजना बना रहे है। इस योजना से वनक्षेत्र से बाहर लकड़ी के उत्पादन बढ़ने से काष्ठ आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। किसानों के अलावा इस योजना के अंतर्गत अन्य पात्र हितग्राही भी खेत के मेड़ों में या अपनी निजी भूमि में बाउन्ड्री में या लाईन/पंक्ति में वृक्षारोपण कर सकते हैं। इसके साथ ही कार्बन क्रेडिट के माध्यम से भी कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त होने की संभावना है। उक्त योजना अंतर्गत मिलिया डुबिया, टिशु कल्चर बांस, टिशु कल्चर सागौन, क्लोनल नीलगिरी, चंदन एवं अन्य आर्थिक रूप से लाभकारी पौधों के वाणिज्यिक वृक्षारोपण एवं वन अधिकार पत्र धारकों को भी इस योजना अंतर्गत लाभान्वित किया जाना है।छत्तीसगढ़ सरकार की इस नई लाभकारी योजना के तहत समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं शासन की स्वायत्त संस्थाएँ, निजी शिक्षण संस्थाऐं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाऐं, पंचायतें तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ ले सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत हितग्राही की निजी भूमि में 05 एकड़ तक रोपण हेतु 100 प्रतिशत तथा 05 एकड़ से अधिक क्षेत्र में रोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान शासन द्वारा हितग्राहियों को प्रदाय किया जायेगा। राज्य शासन इस योजना के माध्यम से प्रति वर्ष 36,000 एकड़ के मान से कुल 05 वर्षों में 1,80,000 एकड़ में 15 करोड़ पौधों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। शासन द्वारा चयनित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी के लिए प्रतिवर्ष न्यूनतम क्रय मूल्य निर्धारित किया जायेगा।

# 1.69 लाख परिवारों का हुआ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण

**रायगढ़, 16 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुसार 01 अप्रैल से रायगढ़ जिले में निवासरत ग्रामीण परिवारों का सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया गया है। जिले के सभी विकासखंडों में मिलाकर अब तक 1 लाख 69 हजार परिवारों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। लक्ष्य का 64 प्रतिशत सर्वे किया जा चुका है। सर्वे का कार्य 30 अप्रैल तक चलेगा।

जिला पंचायत से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार धरमजयगढ़ में 26 हजार 659, घरघोडा में 14 हजार 679, खरसिया में 26 हजार 82, लैलूंगा में 21 हजार 245, पुसौर में 32 हजार 247, रायगढ़ में 32 हजार 575 और तमनार में 16 हजार 204 परिवारों सहित कुल 1 लाख 69 हजार 691 परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया जा चुका है। मालूम हो कि रायगढ़ जिले में 549 पंचायतों में सर्वे का कार्य करने के लिए 944 प्रगणक दल लगे हुए है। घर घर पहुंचकर जानकारी एकत्र कर रहे हैं। इनके कार्य की मॉनिटरिंग के लिए 124 सुपरवाइजर्स की नियुक्ति भी की गयी है। कलेक्टर श्री सिन्हा लगातार बैठक लेकर सर्वेक्षण की समीक्षा कर रहे हैं। साथ ही फील्ड विजिट कर मौके पर हो रहे सर्वे कार्य का जायजा भी ले रहे हैं। अच्छा कार्य करने वाले प्रगणकों को उन्होंने सम्मानित कर प्रोत्साहन भी दिया। जिसका परिणाम है कि जिले में सर्वेक्षण का



कार्य तेजी से जारी है।

सामाजिक-आर्थिक सर्वेक्षण हेतु परिवार की इकाई राशन कार्ड को तथा सर्वेक्षण हेतु बेसिक डाटा खाद्य विभाग द्वारा बनाए गये राशन कार्ड की जानकारी से लिया जा रहा है। ऐसे परिवार, जिनके राशन कार्ड नहीं बने हैं, उनकी सूची मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत से ली जा रही है तथा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी स्थिति में उक्त परिवार सर्वेक्षण में छूटें नहीं। ग्राम पंचायत स्तर में सर्वे करने प्रगणक दल का गठन किया गया है, जिसमें 01 महिला सदस्य एवं 01 पुरुष सदस्य शामिल हैं। कार्य के सुचारू संचालन के लिए जनपद स्तर पर सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। सर्वे के दौरान सर्वेक्षित परिवार से जुड़ी जानकारी एकत्र की जा रही है।

एक नजर

## ब्राम्हण समाज के भवन में भजन संध्या आयोजित



भाटापारा, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के भवन प्रांगण मे जितेन्द्र मिश्रा अधिवक्ता, शैलेन्द्र मिश्रा व मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन मे पं. कान्हाजी के द्वारा भागवत कथा का वाचन किया जा रहा है। इस दौरान शनिवार रात भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमे आयुष तिवारी द्वारा शानदार भजनो की प्रस्तुति दी जिसका उपस्थित लोगो ने खूब आनंद उठाया उनके साथ यश अग्रवाल, जुगल गुप्ता भी इस दौरान मौजूद रहे भजन संध्या मे आकर्षक भजनो की प्रस्तुति से लोग झूमते रहे दो घंटे से उपर चले कार्यक्रम मे लोगो ने भजन का लुत्फ़उठाया इस दौरान प्रमुख रूप से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अटल बिहारी त्रिवेदी, बसंत पाण्डेय, मनीष मिश्रा, अजीत बाजपेयी, उमेश शर्मा, पुर्णेन्दु त्रिवेदी, अतुल मिश्रा, सीमा शिवरतन शर्मा विधायक, सहित न.पा.सभापति श्वेता आलोक मिश्रा, मनोज मिश्रा, प्रवीण शुक्ला, सहित बडी संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

## दो शराब कोचियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों पर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय बलोदा बाजार अभिषेक सिंह के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक हितेश जंघेल थाना प्रभारी गिधौरी के नेतृत्व में गिधौरी पुलिस द्वारा शराब कोचियों पर कार्यवाही कर अवैध रूप से शराब बेचने हेतु रखे आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से 5000 कीमत मूल्य का कुल 25 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को जेल भेजा गया है। आरोपियों के नाम राजु गोड़ पिता भरत सिंह गोड़ उम्र 27 साल निवासी ग्राम बलौदा (सबरिया डेरा) थाना गिधौरी टुण्डरा जिला बलौदा बाजार भाटापारा। जगतराम गोड़ पिता हीरालाल गोड़ उम्र 59 वर्ष निवासी ग्राम घटमड़वा (सबरिया डेरा) थाना गिधौरी टुण्डरा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ ग।

## कच्ची शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। लवन पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में मिली जानकारी के अनुसार 15 अप्रैल को भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब बिक्री करने की मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ग्राम कारी पहुंचकर आरोपी परमेश्वर डहरिया के घर दबिश देकर सेप्टिक अंदर रखें 15 लीटर वाली एक प्लास्टिक जरकिन में भरी हुई 09 लीटर हाथ भट्टी का बना कच्ची महुआ शराब को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया एवं आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है. अपराध क्रमांक 08/23 धारा 34(2) आपकारी एक्ट परमेश्वर डहरिया पिता सोने राम डहरिया उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम कारी थाना लवन जिला बलौदा बाजार भाटापारा छत्तीसगढ़।

### कोविड़ मरीज की जानकारी नहीं देने पर राम हॉस्पिटल बलौदाबाजार को नोटिस जारी

# शासकीय सहित निजी अस्पतालों में आइसोलेशन बेड व सैम्पल जांच में और तेजी लाने कलेक्टर के निर्देश

- जिले के सभी निजी हॉस्पिटलों को संक्रमित मरीजों के बारे में देनी होगी जानकारी
- जिला मुख्यालय सहित सभी विकासखंड मुख्यालयों में कंट्रोल रूम पुनः सक्रिय, जिला कोविड टास्क फोर्स एवं मानीटरिंग समिति की आकस्मिक बैठक संपन्न
- कलेक्टर-एसपी ने मास्क पहनने एवं भीड़ वाली जगहों से बचने की अपील



तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 16 अप्रैल। कोविड़ संक्रमित एक मरीज की हुई मृत्यु को प्रशासन ने बड़ी गंभीरता से लिया है। जिसके तहत बलौदाबाजार नगर स्थित राम हॉस्पिटल द्वारा मृतक मरीज फिरत राम की एंटीजन रिपोर्ट में पोजेटिव आने के बावजूद संक्रमित मरीज के बारे में प्रशासन को कोई जानकारी नही दिया गया। जो कि गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। कलेक्टर ने पूरे मामले में नाराजगी जताते हुए संचालक एवं प्रबंध समिति राम हॉस्पिटल बलौदाबाजार को कारण बताओं नोटिस जारी करतें हुए जवाब तलब किया है। इसके साथ ही सभी निजी हॉस्पिटलों को संक्रमित मरीजों के बारे अनिवार्य रूप से जानकारी प्रशासन को देनी होगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने सभी निजी हॉस्पिटल्स को विस्तृत निर्देश दिए है। आज कलेक्टर रजत बंसल की अध्यक्षता में सँयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिला कोविड़ टास्क फोर्स एवं मानीटरिंग समिति की आकस्मिक बैठक का आयोजन किया गया.

**होम आइसोलेशन के नोडल अधिकारी नियुक्त, सपंर्क कर ले सकतें है जानकारी:** होम आइसोलेशन के लिए जिला स्तर में नोडल अधिकारी आरएमओ डॉ अविनाश केशरवानी 98264-00024 को एवं विकासखंड स्तर में बलौदाबाजार के लिए डॉ नवदीप बांधे 7692963853, भाटापारा डॉ राजकुमार साव 75094-87405 बिलाईगढ़ से डॉ प्रकाश कुर्रे 96911-68111 कसडोल को डॉ रवि अजगले 83193-40508 पलारी डॉ उमरताज कुरैशी 87664-18832 सिमगा डॉ प्रशान्त वर्मा 79996-41585 को बनाया गया है। जो होम आइसोलेशन पर नियंत्रण रखेंगे।

**मीडिया रिपोर्ट एवं जानकारी देने अधिकारी की नियुक्ति:** कोविड़ संबंधित स्वास्थ्य विभाग से किसी भी तरह की अधिकृत जानकारी उपलब्ध कराने नोडल अधिकारी डॉ अविनाश केशरवानी की नियुक्ति की गयी है। आम नागरिक सहित मीडिया कर्मी सीधा डॉ अविनाश केशरवानी से मोबाइल नंम्बर 98264-00024 मे संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकतें है।

**कलेक्टर-एसपी ने मास्क पहनने एवं भीड़ वाली जगहों से बचने की अपील:** कलेक्टर रजत बंसल एवं एसपी दीपक झा ने सभी जिला वासियों से अपील जारी करतें हुए कहा है। कोविड़ का खतरा अभी भी बना हुआ है। आप सभी अनिवार्य रूप से मास्क एवं सेनेटाइजर का उपयोग करतें रहे है। हो सके तो घर के बच्चे, गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गो का विशेष ध्यान रखें। यथासंभव भीड़ वाली जगहों में जाने से बचना चाहिए।

सिविल हॉस्पिटल भाटापारा, सामुदायिक हॉस्पिटल सहित निजी हॉस्पिटल में 5-5 आइसोलेशन बेड आरक्षित करनें एवं सैम्पल जांच में और तेजी लाने के निर्देश कलेक्टर बंसल ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके लिए सभी सामुदायिक हॉस्पिटल के लिए 100-100 सैम्पल प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित की गयी है। बंसल ने कहा कि पिछले दो सप्ताह में कोविड संक्रमण की गति बढ़ी है। कोरोना प्रोटोकॉल का कठोरता से पालन, मास्क का सतत उपयोग एवं सेम्पल जांच कराये जाने पर ही इसे काबू में किया जा सकता है। उक्त बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा, एसडीएम बलौदाबाजार रोमा श्रीवास्तव, भाटापारा नरेंद्र बंजारा, सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर, सिविल सर्जन डॉ राजेश अवस्थी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सीएमएचओ डॉ एम पी महिस्वर ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक जिले में कुल 46 हजार 117 पॉजिटिव मरीज मिले है जिनमें 1061लोगों की मृत्यु हुई है। जिसमें सन 2020 में कुल 5790 मरीज मिले है उसमें 138 की मृत्यु, 2021 में 37हजार 215 मरीज मिले जिसमें 725 मरीज की मृत्यु, 2022 में 3066 मरीज मिले है जिसमे 197 की मृत्यु एवं इस वर्ष 2023 में कुल 46 मरीज मिल चुके है जिसमें 1 की मृत्यु कोरोना से हुई है। उन्होंने आगें कहा कि अभी भी कोरोना का खतरा टला नहीं है। बल्कि विगत कुछ सप्ताह से लोगों द्वारा बरती जा रही लापरवाही से संक्रमण का दर बढ़ा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभी भी मास्क पहनना, हाथ को बार-बार धोना और सामाजिक दूरी बनाये रखना ही बचने के रामबाण उपाय है। जिन लोगो ने कोविड़ का टीका नही लगवाया है उनको विशेष सतर्क रहनें की जरूरत है।

# ब्राम्हण समाज 22 को मनाएगा परशुराम जयंती

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

तिल्दा-नेवरा, 16 अप्रैल। नगर में अखिल भारतीय ब्रह्मण समाज तिल्दा नेवरा द्वारा इस वर्ष भी 22 अप्रैल को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव पूरे धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इसके साथ ही भगवान परशुराम चौक पर मूर्ति की स्थापना लोकार्पण कर्यक्रम भी संपन्न होगा। जन्मोत्सव समारोह में प्रातः भवन में स्थित मंदिर में 11 विवाहित जोड़ो द्वारा भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना की जाएगी, जिसके लिए विप्रवंश जोड़ा सादर आमंत्रित है, वे जोड़े के समाज पूजा के लिए समाज में सम्पर्क करेंगे, यदि 11 से ऊपर भी होते है, तो उनका भी स्वागत है। मोटर सायकल रैली, पूर्व खेलकूद, संस्कृतिक कार्यक्रम गत वर्ष अनुसार ही होंगे, समाज की प्रतिभाओं का प्रतिक चिन्ह के साथ सम्मान किया जायेगा, समाज को वर्षो से मार्गदर्शन देने वाले और समाज को वर्षो से सकारात्मक मार्ग पर निरंतर लेजाने वाले वरिष्ठजनों का श्रीफल, शाल, प्रतिक चिन्ह के साथ सम्मान किया जायेगा। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज तिल्दा-नेवरा सर्व ब्राह्मणों द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम के लिए तैयारियां प्रारम्भ हो गयी है, कार्यक्रम में समाज के प्रत्येक घर से सपरिवार उपस्थिति होगी। उपरोक्त कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के वरिष्ठों को आमंत्रित किया गया कि, बाहर से आये अतिथि आगंतुकों को भी सम्मान किया जायेगा। कार्यक्रम में समाज के तिल्दा-नेवरा और आस पास में निवासरत विप्र परिवार सादर आमंत्रित है। समाज के लिए संघर्ष, प्रयास, त्याग और संगठित करने वाले व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव पूजनीय और वंदनीय है। आयोजन में होंगे अतिथि आयोजन में विधायक सत्य नारायण शर्मा के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मति लेमीक्षा गुरु डहरिया की अध्यक्षता विधायक शिव रत्न शर्मा विधायक प्रमोद शर्मा मति कृष्णा शर्मा पार्षद सहित विशेष अतिथि होंगे।

युवा वर्ग महिलाओ में उत्साहः जयंती को लेकर समाज के युवा बच्चे महिलाओ में अत्यधिक उत्साह देखा जा रहा है पिछले दिनों से खेल कूद रचनात्मक सांस्कृतिक आयोजन जारी है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर ने हमें संविधान में अधिकार दिया जिसे अब भाजपा की सरकार खत्म कर रही है: माहेश्वरी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




सिमगा, 16 अप्रैल। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती के मौके पर प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी के सिमगा निवास कार्यालय में बाबा साहब आंबेडकर की जीवनी पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। यहां माहेश्वरी ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान में हमें बहुत से अधिकार दिए हैं। संवैधानिक संस्थाएं बनाई। जिसका दुरुपयोग कर केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र को खत्म करने का काम आज कर रही है। सत्ता में आकर संवैधानिक अधिकारों और संस्थाओं का गलत तरीके से इस्तेमाल कर रही है।

श्री माहेश्वरी ने आगे कहा कि बाबा साहब विषम परिस्थियों में पढ़ाई किए, अपने जीवन की शुरुआत किए। वह महापुरुष होने के साथ ही ईश्वर के स्वरूप हैं, जिन्होंने कष्ट सहकर खुद को तैयार किया और फिर दलित और नारी उत्थान के लिए मसीहा के रूप में काम किया। बाबा साहब इतनी भाषाओं के जानकार थे कि वे भारत के अलावा दूसरे देशों में भी भारत की बात रखे। यहां तक कि वे कानून की पढ़ाई किए, जब देश के संविधान के निर्माण के लिए योग्य व्यक्तित्व की खोज हुई। प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू सहित पूरा संसद सभा ने बाबा साहब की योग्यता के आधार पर चयन किया। संविधान बनाने में उन्होंने दिन रात एक कर दिया क्योंकि वे सबकुछ पढ़कर समझकर उसका निर्माण किए। माहेश्वरी ने केंद्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संविधान में बनाए कानून को खत्म कर रही है। संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। इस विचार गोष्ठी में सतनाम समाज के राजमंहत जगमोहन मारकंडेय ने कहा कि बाबा साहब के जीवन का बखान दिन रात किया जाए तो भी कम है। प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामविलास साहू बोलने का अधिकार देने वाले बाबा साहब ही हैं। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जवाहर आडिल, जनपद सदस्य सुनीता यादव, सनत खुंटे, अभिषेक साहू, हरेलू मांडले ने बाबा साहब के जीवन पर अपना विचार व्यक्त किया। यहां पर श्री माहेश्वरी ने कार्यक्रम में शामिल हुए क्षेत्र के राजमहंत, भंडारी, साटीदार, अन्य समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि गण को सम्मानित किया। मंच संचालन कृष्णा बंजारे ने किया। इस दौरान चंद्र कुमार साहू, श्यामलाल देवांगन, लखन देवांगन, पदुम टंडन आदि मौजूद रहे।

समाचार संक्षेप

## चलती ट्रेनों में पत्थरबाजी रोकने रेल सुरक्षा बल ने चलाई मुहिम, पटरी से दूर रहने दी समझाइश




डोंगरगढ़, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। चलती ट्रेनों में पत्थरबाजी की घटना को रोकने रेल सुरक्षा बल अभियान का आगाज किया है। रेलवे लाइन के किनारे बसे गांवों में बाकल, हल्दी, आलीवारा, झिटिया, मुसरा, माडीतराई, बेलगांव, धुसेरा, जटकन्हार, नागतराई, कल्याणपुर, चिद्दो, अंडी, बरनाराकला, बोरतलाव, पनियाजोब, डोंगरगढ़ में रेल लाइन से लगे गांवों में ग्रामीणों को रेल लाइन से दूर रहने की दी समझाइश देकर अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत क्षेत्र में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सरपंच एवं अन्य नागरिकों से समन्वय कर ग्रामवासियों, किसानों, स्कूली छात्रों से अपने परिजनों एवं मवेशियों को रेल लाइन किनारे एवं रेल परिक्षेत्र में नहीं आने देने के संबंध में जागरूक किया जा रहा है एवं समझाइश दी जा रही है। रेल सुरक्षा बल के निरीक्षक निशा भोईर ने बताया कि रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डोंगरगढ़ के क्षेत्राधिकार में रेल गाड़ियों के नियमित परिचालन, यात्रियों की सुरक्षा एवं संरक्षा यात्रा को सुगम बनाने जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत रेल लाईन पर मानव रन ओवर एवं कैटल के संबंध में गश्त की जा रही है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा ट्रेनों पर की जाने वाली पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने का प्रयास है। लोगों को इन घटनाओं के कारण रेल संपत्ति एवं जान-माल की होने वाली हानि से अवगत कराया जा रहा है। साथ ही ऐसी घटनाओं में संलिप्त मिलने पर रेल अधिनियम के तहत कार्रवाई की हिदायत दी जा रही है। अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। नागपुर से बिलासपुर के में बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन ले की शुरुआत होने के कुछ ही दिन बाद इस ट्रेन पर पत्थरबाजी की घटना सामने आई थी इसके बाद रेल सुरक्षा बल अलर्ट है लगातार गश्त जारी है।

## किसान पुत्र क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहू खाल्लारी मामले में चुप क्यों हैं: हेमलाल

डोंगरगढ़, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। मेढ़ा सोसायटी के अंतर्गत आने वाले खल्लारी गांव के किसान पुत्र आनंद कंवर ने केसीसी ऋण में धोखाधड़ी होने के कारण जहर खाकर आत्महत्या कर लिया। इसको लेकर भाजपा किसान नेता हेमलाल वर्मा ने क्षेत्रीय विधायक दलेश्वर साहु के ऊपर आरोप लगाते हुए कहा कि जब 2018 में विधानसभा चुनाव था उस समय अपने आप को किसान हितैषी कहने वाले डोंगरगांव के विधायक दलेश्वर साहु ने फसल बीमा के लिए लाल पोटली सिर में लादकर कलेक्टर आफिस पहुंचे थे और डोंगरगांव में एक सप्ताह का अनशन करने का ढोंग किया था। अभी उनके क्षेत्र मेढ़ा सोसायटी में दो साल से सैंकड़ों किसान धोखाधड़ी को लेकर लगातार आवाज उठाते रहे हैं तो इस मामले पर क्षेत्रीय विधायक क्यों चुप हैं हेमलाल वर्मा ने कहा कि छोटी छोटी बातों को विधानसभा में उठाने वाले विधायक इतने बड़े मामले को विधानसभा में क्यों नहीं उठाया दो साल से समिति प्रबंधक के ऊपर कार्यवाही क्यों नहीं हुआ इस खेल में कितने लोग शामिल हैं इसकी जांच करके किसानों को न्याय क्यों नहीं दिलाया गया हेमलाल वर्मा ने विधायक से पूछा है कि सरकार आपकी है, विधायक आप है, कैबिनेट मंत्री का दर्जा आपको प्राप्त होने के बाद भी किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के ऊपर कार्यवाही नहीं होना यह दर्शाता है कि सरकार के संरक्षण के साथ साथ आपका संरक्षण भी ऐसे बेईमान अधिकारी कर्मचारियों को मिलता रहा है। इतना बड़ा हेराफेरी कर्मचारी बिना सरकारी संरक्षण के नहीं कर सकता। विधायक की उदासीनता के कारण आज एक किसान का जवान बेटा ने आत्महत्या कर लिया क्या इसकी जवाबदेही विधायक लेगें हेमलाल वर्मा ने कहा कि क्षेत्र में इतना बड़ा घटना हो गया और विधायक नींद में है, विधायक के गांव से खल्लारी गांव मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर है लेकिन हमारे विधायक को इतनी फुर्सत नहीं है कि किसान युवक की मृत्यु को चार दिन बीत चुके हैं परन्तु विधायक अभी तक खल्लारी नहीं पहुंचे हैं। क्या ऐसा विधायक होता है क्षेत्र के विधायक होने के नाते दो साल तक आप चुप रहकर संरक्षण देते रहे हैं इसलिए आपको मामले की जिम्मेदारी लेते हुए विधायक पद से स्तीफा देना चाहिए। हेमलाल वर्मा ने कहा कि हम शासन प्रशासन से मांग करते हैं कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिले और किसानों का पुरा पैसा वापस किया जाए जिस किसान के बेटे ने आत्महत्या किया उसके परिवार को 50 लाख रूपए सहायता राशि दिया जाए एवं एक सदस्य को नौकरी दिया जाए। ऐसा नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में खल्लारी गांव के किसानों एवं क्षेत्र के किसानों के साथ भारतीय जनता पार्टी सड़क की लड़ाई लड़ेगी।

## जय भीम से गूंजा नगर, रैली में उमड़ा बौद्ध समाज का जनसैलाब, आतिशबाजी ,भीम के गीतों पर थिरके युवा



डोंगरगढ़, 16 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। सविधान निर्माता डॉ, भीमराव आंबेडकर के 132 वी जयंती के अवसर पर आदर्श बौद्ध महासभा नागसेन बुद्ध विहार से विशाल रैली एवं झांकी को अच्छे से चित्रकित कर प्रस्तुत कर अनुशासित तरीके से निकाला गया झांकी में बताया गया कि अँगुलीमार नाम का एक राक्षस हुवा करता था जो लोगो की अंगुलियों को काटकर उसकी माला पहना करता था जिसका सामना एक दिन भगवान गौतम बुद्ध से हुवा जिनके अनमोल वचन सुनकर उस अंगुलीमार का ह्रदय परिवर्तन होने से सुधर गया जिसका चित्रण इस चलित झाकी में देखने को मिला। साथ ही डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर द्वारा रचित संविधान के अधिकारों के बारे में बताया गया था जिसके तहत हमे जो अधिकार मिले हुवे है। इस झांकी को जगमग लाइटों के साथ सजा कर निकाला गया जिसमे फूलो की वर्षा हो रही थी, यह रैली बुद्ध विहार से होते हुवे जयस्तंभ चौक गोल बाजार बुधवारी पारा रेल्वे चौक टाकीज चौक होते हुए वापस बुद्ध विहार पहुंची ।रात्रि में भोजन अक्षय पात्र फाउंडेशन के डॉ, मिलन टेमभुरकर की ओर से रखा गया था, रैली में बोद्ध अनुयायियों का विशाल जनसैलाब निकली रैली में 12 डीजे से अधिक रहे सभी डीजो में भीम के गीतो के साथ ही जय भीम के नारों से नगर गुंजा जोरदार फटाकों की आतिशबाजी भी रैली में होती रही। रैली बुद्ध विहार से जयस्तंभ पहुची देखते ही देखते अलग अलग मोहल्ले से बोद्ध अनुयाइयों ने भी अपने अपने डीजे के साथ इस रैली में सम्मलित हो गये। जिसके बाद रैली में विशाल जनसंख्या के कारण रैली और लंबी हो गई। अचानक इस रैली व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन को पसीना बहाना पड़ा, पुलिस बल बहार से बुलाना पड़ा। कई वर्षों से बुद्ध समाज के द्वारा 14 अप्रेल को भीमराव आम्बेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ यहां मनाई जाती है। अंबेडकर की जयंती पर ही रैली निकालते हैं।

### डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती उनके अनुयायियों ने धूमधाम से मनाई

# शिक्षा शेरनी का दूध है जो पीता है वह दहाड़ता है : भुनेश्वर बघेल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





डोंगरगढ़, 16 अप्रैल। संविधान निर्माता डॉ. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर की 132 वी जयति सादगी व सौहार्द के वातावरण में, आदर्श नागसेन बुद्ध विहार के तत्वावधान में धूमधाम से मनाई गई, इस अवसर पर सुबह नागसेन बुद्ध विहार में झंडा वंदन, परित्राण पाठ कर खीर एवं प्रसाद का वितरण कर बोद्ध अनुयाइयों के द्वारा तहसील कार्यालय में पहुचकर स्थित दोपहर में बाबासाहेब की प्रतीमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर

फूलमाला अर्पित किये तथा भते कुमार कश्यप एवं भंते नागरत्न, भिक्षु आनंद बोधि द्वारा त्रिशरण पंचशील किया गया। इस अवसर पर विधायक भुनेश्वर बघेल, नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर पूर्व मंत्री धनेश पाटीला, थानेश्वर पाटिला धीरज मेश्राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे, इस अवसर पर बौद्ध समाज के अध्यक्ष मुन्ना लाल नंदेश्वर ने कहा की बहुत जल्द अब हम अपने बुद्ध विहार के निर्माण कार्य अग्रसर की और है जो पूरे प्रदेश में ऐसा बुध विहार कही नहीं बना है जो यहा पर बन रहा है, बुद्ध विहार के निर्माण कार्य के लिये राशि की मांग रखी गई जिससे निर्माण कार्य जल्द पूरा हो जाये

इस अवसर पर विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संविधान निर्माता के साथ समाज सुधारक भी रहे उनके संविधान के बदौलत आज पूरा देश चल रहा है उनका जन्म ऐसे समय हुआ जो आप सब जानते हैं उनके पास कोई सुविधा नहीं थी छुआछूत का जमाना था पढ़ने लिखने के लिए हमारे समाज के लोग जा नहीं पाते थे पानी पीने के लिए तरसना पड़ता पड़ता था ऐसी कई कठिनाइयों के बावजूद बाबा भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर देश को संदेश देने का काम किया जिस दिन हम संगठित हो जाएंगे शिक्षित हो जाएंगे उस दिन हमको किसी से मांगने की जरूरत नहीं पड़ेगी बाबासाहेब ने कहा था कि शिक्षा वह चाबी है शेरनी का दूध है जो पीता है वह दहाड़ता है आप लोगों पर भार आने वाला है संविधान खतरे में पड़ रहा है सविधान को खत्म करने की साजिश की जा रही है उनके जो मूल है उसे गिराने का काम किया जा रहा है इसलिए हम सब एकता के सूत्र में बंधे रहे बुद्ध विहार के निर्माण कार्य के लिए विधायक बघेल ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की निधि से 20 लाख रुपये देने की घोषणा की कार्यक्रम को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला पूर्व विधायक विनोद खांडेकर नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम थानेश्वर पाटिला ने कार्यक्रम को संबोधित किया बुद्ध विहार के सौन्दर्यकरण के लिए नगर पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम ने अपनी निधि से 5 लाख रुपये देने की घोषणा की इस अवसर पर अनिल मेश्राम, अनिल सहारे नालिनी मेश्राम सुनील नागदोने प्रजेश सहारे राजकुमार नंदेश्वर किरण देऊरकर राजेश गजभिए विलास उत्तम समुंदरे दीपक साखरे, महेश सहारे, गरीब गढ़पायले मिलिन्द्र मेश्राम अमन जनबंधु गौरव, टेमभुर निर्भयदास चोखान्दे, दिपक ऊके अनिता इंदुरकर सचिन धम्म नंदेश्वर पुरषोत्तम टेम्भूर कर खेमदास साखरे अखिल अम्बादे विपीन सहारे अलका जयश सहारे सहीत आदि बोद्ध उपासक उपसिकाये उपस्थित थी।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23